हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.5 डिग्री
न्यूनतम 11.8 डिग्री


रेलवे स्टेशन में चाइल्ड हेल्पलाइन का बड़ा असर, मानव तस्करी के मामले तेजी से हो रहे उजागर

# मध्यप्रदेश और बिहार बने बच्चों की तस्करी का गढ़, पांच माह में 70 से ज्यादा केस, छग में रेस्क्यू, आर्थिक तंगी बड़ी वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर रेलवे स्टेशन पर चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा की शुरुआत के बाद से बच्चों की तस्करी के मामलों का खुलासा तेजी से हो रहा है। पहले पूरे साल में औसतन 100 से 150 मामले सामने आते थे, अब सिर्फ पांच महीनों में ही 50 से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। इस अभियान में आरपीएफ, जीआरपी और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने मिलकर बच्चों को तस्करों से छुड़ाने में बड़ी भूमिका निभाई है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि तस्करी के अधिकतर मामलों में बच्चों को मध्यप्रदेश से लाया जा रहा है। इसके बाद उत्तर प्रदेश और बिहार से भी तस्करी के मामले सामने आए हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा अगस्त 2025 से अब तक 60 से 70 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है, जिन्हें सुरक्षा, देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता थी। इनमें घुमंतू बालक, बाल श्रमिक, तस्करी के शिकार, भिक्षावृत्ति में लगे और भटके हुए बच्चे शामिल हैं। इनमें से लगभग 50 बच्चों को बाल कल्याण समिति के आदेश पर सुरक्षित उनके घर भेजा गया है।



### आर्थिक तंगी में बच्चों को सौंप रहे तस्करों को

रेलवे स्टेशन पर सामने आ रहे बाल तस्करी के मामलों में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कई बार खुद माता-पिता ही अपने बच्चों को काम पर भेजने के लिए तस्करों को सौंप रहे हैं। तस्करी के ज्यादातर मामलों में बच्चों की उम्र 10 से 18 वर्ष के बीच रही है। जानकारी के अनुसार, मुंबई और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में इन बच्चों को कारखानों और फैक्ट्रियों में मजदूरी के लिए ले जाया जा रहा था। माता-पिता को प्रलोभन दिया जाता है कि बच्चे को 2 महीने से लेकर सालभर के लिए काम पर भेजा जाएगा और इसके बदले उन्हें पैसे भी दिए जाते हैं। आर्थिक तंगी और जागरूकता की कमी के चलते कई माता-पिता इस लालच में आकर अपने बच्चों को दूसरे राज्यों में भेज देते हैं, बिना यह समझे कि वे तस्करी के जाल में फंसे जा रहे हैं।

### अब हावड़ा बना बाल तस्करी का नया जरिया

*रेलवे स्टेशनों पर बाल तस्करी के मामलों में अब हावड़ा का नाम तेजी से सामने आ रहा है। बीते सप्ताह जहां हावड़ा से 6 नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू किया गया था, वहीं अब एक और मामले में 2 बच्चों को तस्करी के जरिए बाटनेरा (महाराष्ट्र) ले जाया जा रहा था, जिन्हें समय रहते बचा लिया गया। रेलवे चाइल्ड हेल्प लाइन को सूचना मिली कि ट्रेन क्रमांक 12102 ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस की जनरल बोगी में कुछ नाबालिग बच्चों की तस्करी की जा रही है। तत्काल हरकत में आते हुए चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 ने आरपीएफ और जीआरपी को जानकारी दी और संयुक्त रेस्क्यू टीम तैयार की। इस टीम में विजय कुमार साहू (सुपरवाइजर), विनोद सिंदार, रीना जगत (केस वर्कर, चाइल्ड हेल्प लाइन), सहायक उपनिरीक्षक आरके सिंह, आर. ज्योति साहू, आशीष साकेत (असिस्टेंट प्रोग्राम ऑफिसर, बचपन बचाओ आंदोलन) शामिल थे। छानबीन में पता चला कि राशिद मल्ला (पिताः मनन मल्ला, उम्रः 34 वर्ष, निवासीः दक्षिण परगना, पश्चिम बंगाल) नामक व्यक्ति दो नाबालिग बालकों को शालीमार रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठाकर महाराष्ट्र के बाटनेरा स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में काम कराने ले जा रहा था। दोनों बच्चों को ट्रेन से उतारकर रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन बूथ लाया गया, जहां उनसे अलग-अलग पूछताछ की गई। अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।*

# रायपुर में मिलीं 40 अर्जियां... इधर, बिलासपुर ने सभी 625 प्ले स्कूलों को थमा दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के प्ले स्कूलों पर शिकंजा कसने बीते माह आदेश जारी किए गए थे। आदेश के मुताबिक, प्ले स्कूलों को नियमतः अपना पंजीयन कराना होगा। जिला शिक्षा कार्यालय को इसका जिम्मा सौंपा गया है। इसके साथ ही कहा गया कि आदेश जारी किए जाने के तीन माह भीतर सभी प्ले स्कूलों की मान्यता संबंधित प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए, लेकिन यथास्थिति इसके विपरीत है। प्ले स्कूल को पंजीकृत किए जाने संबंधित आदेश माहभर पहले ही जारी हो चुका है, लेकिन राजधानी रायपुर में ही अब तक सिर्फ 40 प्ले स्कूलों ने ही ▶▶| शेष पेज 18 पर

### सुरक्षा ताक पर फीस भी मनमानी

राजधानी रायपुर के बाद जिस जिले में सर्वाधिक प्ले स्कूल हैं, वह बिलासपुर है। बिलासपुर में संचालित प्ले स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के 625 निजी स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से प्ले स्कूल का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बिलासपुर जिला शिक्षा कार्यालय ने जिले के चारों ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा ▶▶| शेष पेज 18 पर

- डीपीआई ने आदेश जारी कर जिला शिक्षा अधिकारियों से पूछा- अब तक कितने आवेदन?
- मान्यता के लिए गाइडलाइन अब तक नहीं, आवेदन प्रारूप का भी अता-पता नहीं




### कहीं घर में तो कहीं बगैर बाउंड्री वॉल संचालन

प्ले स्कूलों संचालन के लिए मूलभूत मानक भी आदेश जारी करने के दौरान बताए गए थे। इनमें पृथक भवन, आंगन, बाउंड्रीवॉल, अग्निशमन यंत्र, पर्याप्त खेल उपकरण जैसे कई चीजें शामिल थीं। राजधानी रायपुर में 800 से अधिक प्ले स्कूलों का संचालन होता है। इनमें से आधे से अधिक घर के किसी हिस्से में संचालित हो रहे हैं अथवा कुछ कमरे किराए पर लेकर प्ले स्कूल खोल दिया गया है। कई स्कूलों में पर्याप्त ऊंचाई वाले बाउंड्री वॉल भी नहीं हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर्याप्त रूप से हो सके।

### निर्देश के बाद भी सिर्फ 10 आवेदन

अब हर प्री-प्राइमरी को नाम में 'प्ले स्कूल' लिखना होगा। वहीं नए नियम के अनुसार 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्ले स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। विभाग का मानना है कि कम उम्र में बच्चों को स्कूल भेजना शारीरिक और मानसिक रूप से सही नहीं है। इसके अलावा स्कूलों में शिक्षकों की संख्या, केयर टेकरों की संख्या को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि प्ले स्कूलों की मनमानी को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की गई थी। ▶▶| शेष पेज 18 पर

### मॉनिटरिंग प्रारंभ

तीन माह का समय विभाग ने दिया था। हमने प्ले स्कूलों की मॉनिटरिंग प्रारंभ कर दी है। अब तक 40 आवेदन मिल चुके हैं।

– **हिमांशु भारतीय**, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### होगी कड़ी कार्रवाई

निजी स्कूल के संचालकों को प्ले स्कूल की जानकारी देने के अलावा तत्काल पंजीयन कराने का निर्देश दिया गया है। नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

– **विजय टांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर

### नहीं मिला विकल्प

आवेदन प्रारूप अब तक अप्राप्त है। कोई विकल्प नहीं होने के कारण हम सादे कागज में ही पंजीयन की अर्जी दे रहे हैं।

– **राजीव गुप्ता**, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

# इंटरनल अकाउंट से करोड़ों की ट्रेडिंग, बैंक मैनेजर गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसबीआई के चीफ मैनेजर को ईओडब्ल्यू ने इंटरनल अकाउंट से पौने तीन करोड़ रुपए के ट्रेड के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बैंक मैनेजर ने शुरुआती दिनों में तीन-चार फेक कंपनियों के नाम अकॉउंट खोलकर फर्जी लेन-देन कर करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन शो किया। मैनेजर को पुलिस ने बैंक प्रबंधन की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया है। बैंक मैनेजर के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने बीएनएस की धारा 316 (5), 318 (4), 61(2), 338, 336(3), 340 (2) एवं धारा 13 (1) (ए), 13(2) के तहत गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया रायपुर के चीफ मैनेजर विजय कुमार आहके को उसके निवास से गिरफ्तार किया है। मैनेजर के निवास से प्रकरण ▶▶| शेष पेज 18 पर

- फर्जी कंपनियों के नाम से खाता खोलकर किया करोड़ों का लेन-देन


### ऐसे की गड़बड़ी

शाखा प्रमुख रहते हुए आरोपी द्वारा बैंक के महत्वपूर्ण इंटरनल ऑफिस अकाउंट (जिसकी कोई लिमिट तय नहीं है) जिसे आरोपी ने अपनी ट्रेडिंग की लत पूरी करने के लिए ब्लैंक चेक के तौर पर उपयोग किया और योजनाबद्ध तरीके से लगभग आठ महीनों में 2,78,25,491 रुपए (दो करोड़, अठहत्तर लाख, पच्चीस हजार चार सौ इक्यानवे रुपए) की अवैध निकासी कर अपने एवं अपनी पत्नी के खाते में प्राप्त किया। आरोपी द्वारा रेड फ्लैग इंडिकेटर (आरएफआई) जो कि एक बैंक में स्थापित मानक है, उसे बायपास कर निर्धारित समय, जो कि ▶▶| शेष पेज 18 पर

सुमीत बाजार
आज का स्पेशल ऑफर
5 स्टॉर होटल में यूज होने वाली
एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन
प्रीमियम क्वालिटी


इलास्टिक वाली फिटेड
सिंगलबेड
3 बेडशीट
100% COTTON ONLY PLAIN SINGLE BEDSHEET
₹449 में
अविश्वसनीय रेट ऑफर...
*condition apply
ऑफर सिर्फ आज के लिये
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.
Only at :
रायपुर – बैजनाथ पारा ● सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी
139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी ● न्यू राजेन्द्र नगर ● मेन रोड, लाखेनगर

Opening Today
You are Cordially Invited
VISIT

15th Year- 4 Days
STEEL | POWER | CEMENT | MINING
NATIONAL EXPO
www.indexpo.co.in
Premier Industrial Expo
■ Steel ■ Power ■ Cement ■ Mining
Plants, Equipments & Machinery
Venue
Shriram BUSINESS PARK
Raipur C.G.
19 20 21 22
December 2025
Visiting Time 11-6.30PM
CONCURRENT
RAIPUR
ELECTRIC EXPO
Co-Organiser
REMA SINCE 1966
Supported by
Urla Industries Association, Raipur
Please Visit during Business Hours 11-3 PM to avoid Heavy Rush in the Evening.
Visitor Registration
Scan with Google
Exhibitors Directory
B2B Market Place
: Organiser :
IndoreInfoline
www.indexpo.co.in

Highlights :
- Plants, Equipments and Technology for Steel Plants, Sponge Iron Plants, Rolling Mills, Power Plants and Heavy Industries
- Focus: Industry 4.0
- Electrical & Electronics Pavilion
- Packaging Machinery
- E-Mobility
- 20,000 Trade Visitors
- Supported by Leading Trade Association
- Electrical Industrial
- Electrical Domestic
- LED Lightings
- Roof Top Solar Energy
- Electrical Contractors
- Electrical Consultants
- Electricity Distribution
- Electrical Products Dealers, Distributors, Manufacturers from Raipur and Entire Chhattisgarh
- Participation from All Over India
Business Opportunity for Every Visitor

## खबर संक्षेप



### भाजपा ने भी गुरु घासीदास बाबा को किया नमन

रायपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्री जामवाल ने कहा, गुरु घासीदास बाबा' छत्तीसगढ़ के महान संत, समाज सुधारक और सतनामी पंथ के प्रवर्तक थे। उन्होंने जातिगत भेदभाव, छुआछूत व ऊंचनींच जैसी कुप्रथाओं के बदले समानता का संदेश दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, बाबा गुरु घासीदास के विचार आज भी समानता और मानवता के संदेश देते हैं। उन्होंने कहा, गुरु घासीदास बाबा ने छत्तीसगढ़ के समाज को एक नई दिशा दी और समाज के उद्धार के लिए अपना जीवन समर्पित किया। कार्यक्रम में विधायक लता उसेंडी, प्रदेश मंत्री अमित साहू, कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, रायपुर शहर जिला प्रभारी राजेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक पूनम चंद्राकर, दीपेश अरोरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सावित्री जगत को पहले अध्यक्ष बनाया, फिर हटाया

रायपुर। प्रदेश भाजपा संगठन के मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों का लगातार ऐलान हो रहा है। अनुसूचित जाति मोर्चा की कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्ष की भी घोषणा की गई तो इसमें रायपुर शहर का अध्यक्ष सावित्री जगत को बनाया गया, लेकिन एक दिन बाद ही प्रदेश भाजपा संगठन ने इस नियुक्ति को रद्द कर दिया। प्रदेश भाजपा के महामंत्री नवीन मार्कडेंय के हस्ताक्षर से जारी पत्र में बताया गया है कि यह नियुक्ति त्रुटिवश हो गई थी, इसको निरस्त किया जाता है।

# पुलिस कर्मियों को प्रतिमाह 5 हजार विशेष रिस्पांस एलाउंस देने की सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के पुलिस कर्मियों का वेतन भत्ता पुनरीक्षण के लिए गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। कमेटी ने अलग-अलग भत्ते की जगह विशेष पुलिस रिस्पांस एलाउंसेस के रूप में आरक्षक से लेकर निरीक्षक स्तर के पुलिस कर्मियों को प्रतिमाह 5 हजार रुपए देने की सिफारिश की है। कमेटी की रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। अब इस रिपोर्ट पर गृह विभाग को फैसला लेना है।

पुलिस वेतन-भत्ता कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष एडीजी एसआरपी कल्लुरी हैं। कमेटी में डीआईजी अरविंद कुजूर, मनीष शर्मा, वित्त नियंत्रक शंकर झा, एआईजी रोहित झा और अंशुमन सिसोदिया सदस्य हैं। कमेटी ने वेतन-भत्तों की समीक्षा कर 5 बैठकें की और अन्य राज्यों में प्रचलित भत्तों का अध्ययन किया। साथ ही विभिन्न संगठनों से प्राप्त आवेदनों पर भी चर्चा की। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से पुलिसकर्मी अलग-अलग मदों में भुगतान किए जाने वाले भत्ते की दर में बदलाव करने की मांग कर रहे थे। पुलिसकर्मियों की मांग के अनुसार ही समिति का गठन किया गया था। पुनरीक्षण समिति ने अब तक दिए जाने वाले भत्ते का अवलोकन किया, तो ये पाया कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए बेहद कम भत्ते का भुगतान किया जा रहा है।

## पुलिस कर्मियों के वेतन भत्ता पुनरीक्षण के लिए गठित कमेटी ने सरकार को दी रिपोर्ट

### भत्तों में बढ़ोतरी की सिफारिश

कमेटी ने छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्य प्रकृति और अन्य राज्यों में प्रचलित भत्तों का तुलनात्मक अध्ययन कर भत्तों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता के अनुक्रम में मुद्रा विनिमय दरों का सूक्ष्म पुनरीक्षण किया। साथ ही अनुशंसा सरकार को दी है। कमेटी ने पौष्टिक आहार भत्ता सौ रुपए से बढ़ाकर एक हजार रुपए, वर्दी धुलाई भत्ता 60 से बढ़ाकर 5 सौ रुपए, और रायफल भत्ता 200 और 300 की जगह एक हजार रुपए देने की अनुसंशा की गई है। इसके अलावा राशन भत्ता दो हजार रुपए, एसपीएफ के लिए 22 सौ, निश्चित यात्रा भत्ता 75 और 100 रुपए से बढ़ाकर एक हजार, वाहन भत्ता सौ रुपए से बढ़ाकर 15 सौ रुपए, वर्दी भत्ता 8 सौ से बढ़ाकर प्रत्येक तीन वर्ष के लिए 4 हजार रुपए करने का सुझाव दिया है।




### विशेष रिस्पांस एलाउंस का विकल्प

कमेटी ने यह भी विकल्प सुझाया है कि राशन भत्ता और वर्दी भत्ता को छोड़कर बाकी भत्ता को समाप्त किया जा सकता है। अराजपत्रित पुलिस कर्मियों के उसके स्थान पर विशेष पुलिस रिस्पांस एलाउंसेस के रूप में 5 हजार रुपए प्रतिमाह की दर से आरक्षक से निरीक्षक स्तर तक के समस्त संवर्ग के पुलिसकर्मियों को भुगतान किए जाने की अनुशंसा की है।

56 विधानसभाओं की मिली है जिम्मेदारी, तीन बार कर चुके हैं दौरा

# प्रदेश संगठन महामंत्री साय बना रहे हैं बंगाल चुनाव के लिए जीत की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल चुनाव के लिए 56 विधानसभाओं के एक जोन की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का लगातार दौरा कर जीत की रणनीति बनाने का काम कर रहे हैं। श्री साय तीन बार बंगाल का दौरा कर चुके हैं। कुछ दिनों पहले ही वे वहां से लौटे हैं। यहां पर संगठन का काम निपटाने के बाद वे फिर से बंगाल का रुख करेंगे और वहां पर एक-एक विधानसभा की स्थिति के हिसाब से रणनीति तय होगी। बंगाल में अलग-अलग जोन बनाकर करीब आधा दर्जन राज्यों के संगठन महामंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है।

■ अलग-अलग जोन बनाकर करीब आधा दर्जन राज्यों के संगठन महामंत्रियों को जिम्मेदारी

बिहार चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का बड़ा फोकस बंगाल चुनाव पर है। अगले साल मार्च-अप्रैल में वहां पर चुनाव संभावित है। भाजपा ने अभी से इसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वैसे भी भाजपा हमेशा से किसी भी राज्य में चुनाव से काफी पहले तैयारी प्रारंभ कर देती है। बिहार चुनाव में भी भाजपा ने काफी पहले से तैयारी की थी। प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को वहां पर 50 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई थी। श्री जामवाल बिहार में चार माह तक रहे और अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में लगातार बैठकें लेकर रणनीति बनाने का काम किया। इसका परिणाम यह रहा कि 50 सीटों में से 25 सीटों में भाजपा के प्रत्याशी मैदान में उतारे गए तो इसमें से 23 सीटों में भाजपा के प्रत्याशियों को जीत मिली।



### अब पवन साय पर भरोसा

*भाजपा का राष्ट्रीय संगठन लगातार प्रदेश के नेताओं पर भरोसा कर रहा है। बिहार चुनाव में प्रदेश के जिन भी नेताओं को वहां पर विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई थी, उन सभी में भाजपा के प्रत्याशी जीते। अब राष्ट्रीय संगठन प्रदेश के नेताओं को बंगाल की भी जिम्मेदारी देगा। पहले चरण में प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को वहां पर एक जोन की 56 विधानसभाओं का जिम्मा देकर अभी से रणनीति बनाने का काम दिया है। श्री साय लगातार बंगाल जाकर वहां पर रणनीति बना रहे हैं। अलग-अलग विधानसभाओं की बैठकें लेकर श्री साय वहीं की स्थिति से अवगत हो रहे हैं। स्थिति के हिसाब से ही जीत की रणनीति तय होगी।*

# एसआईआर का पहला चरण पूर्ण, 23 को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर छत्तीसगढ़ सहित 12 अन्य राज्यों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा था। एसआईआर का पहला चरण गुरुवार को खत्म हो गया। छत्तीसगढ़ में 27 अक्टूबर तक मतदाता सूची में 2,12,30,737 मतदाताओं का इन्यूमरेशन प्रमाणपत्र मुद्रित कराकर घर-घर गणना चरण के दौरान बीएलओ के माध्यम से वितरित कराया गया। 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर 23 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन संबंधित मतदान केन्द्रों सहित सभी स्थलों पर किया गया जाएगा।

**अब 22 जनवरी तक कर सकेंगे दावा -आपत्ति**

विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य का ससमय सम्पादन के लिए 33 जिला निर्वाचन पदाधिकारी, 90 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 377 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 734 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 24,371 बीएलओ एवं वॉलिटियर की सक्रिय भागीदारी रही। एसआईआर के दौरान विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा कुल 38846 से अधिक वीएलए नियुक्त किया गया है। व्यापक प्रचार प्रसार एवं बीएलओ द्वारा लगातार घर-घर सर्वे के उपरांत भी बीएलओ को जो निर्वाचक नहीं मिले या जिनके गणना प्रपत्र वापस नहीं मिले, इसका कारण है कि वे दूसरे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मतदाता बन गए हों, या अस्तित्व में नहीं थे, या 18 दिसंबर तक फॉर्म जमा नहीं किया, या किसी कारणवश मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के इच्छुक नहीं है।

### अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत मतदाताओं की सूची अपलोड होगी

*बूथ लेवल अधिकारी एवं बूथ लेवल एजेंट की मीटिंग का कार्यवाही विवरण सभी जिलों के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है, जिसका लिंक को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जावेगी। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा बूथ लेवल एजेंट के साथ बैठक का कार्यवाही विवरण के साथ अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत मतदाताओं की सूची भी अपलोड होगी जो की सर्चेबल मोड में होगी। कोई भी व्यक्ति इस सूची में अपना या किसी अन्य का नाम आसानी से सर्च कर सकता है।*

### राजनीतिक दलों से की अपील

*सभी जिलों द्वारा प्रारूप निर्वाचक सूची की दो प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी जावेगी। साथ ही वैसे निर्वाचकों की सूची, जिनसे गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हो सके, की सूची भी उपलब्ध करायी जावेगी, ताकि राजनैतिक दल के प्रतिनिधि भी ऐसे निर्वाचकों का सत्यापन कर सकें। राजनैतिक दलों से यह भी अपील की गयी है कि उक्त दोनों सूची का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक विहित प्रक्रिया को अपनाते हुए दावा/आपत्ति दर्ज करने में निर्वाचकों को सहयोग करेंगे।*



फाटकों के बंद होने से संबंधित रेल खंडों में ट्रेनों की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ गई

# 5 रेलवे फाटक बंद होने से ट्रेनों की रफ्तार दोगुनी, मंदिर हसौद से अभनपुर तक 80 से बढ़कर अब 110 की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय रेलवे देशभर में लेवल क्रॉसिंग समाप्त कर ट्रेनों की गति बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। इसी क्रम में रायपुर रेल मंडल में यह अभियान तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, जिसका सकारात्मक असर अब यात्रियों के हित में साफ दिखाई देने लगा है। रायपुर मंडल में अब तक 5 रेलवे लेवल क्रॉसिंग को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इन फाटकों के बंद होने से संबंधित रेल खंडों में ट्रेनों की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ जाएगी, जिससे यात्रा समय में कमी आएगी और परिचालन अधिक सुगम होगा। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि रोड अंडरब्रिज के निर्माण के माध्यम से लेवल क्रॉसिंग से स्थायी निजात दिलाई जा रही है। इससे न केवल सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि यातायात जाम की समस्या भी काफी हद तक कम होगी। आरयूबी निर्माण पूरा होने के बाद निपनिया–भाटापारा खंड, हथबंद–तिल्दा नेवरा सेक्शन, दुर्ग–मरौदा सेक्शन, सिकोसा यात्री हॉल्ट के पास तथा मांढर–उरकुरा सेक्शन की प्रमुख लेवल क्रॉसिंग को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसके अलावा बैकुंठ–सिल्यारी लेवल क्रॉसिंग 20 दिसंबर और निपानिया यार्ड 21 दिसंबर को बंद किया जाएगा।

## नया रायपुर में ट्रेनों की रफ्तार 30 किमी प्रति घंटे तक बढ़ी

रेलवे क्रॉसिंग के बंद होने का सीधा असर रायपुर रेल मंडल में ट्रेन परिचालन की गति पर देखने को मिल रहा है। नया रायपुर क्षेत्र में लूप लाइन नंबर 05 पर ट्रेनों की गति 15 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 30 किमी प्रति घंटे हो गई है। इसके अलावा दल्लीराजहरा–ताडोकी खंड में गति सीमा को 80/90/100 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 110 किमी प्रति घंटे कर दिया गया है। वहीं मंदिर हसौद से अभनपुर खंड में भी ट्रेन गति 50/80 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 110 किमी प्रति घंटे कर दी गई है। रेलवे के अनुसार आरवीएच आरएसडी सेक्शन का दोहरीकरण कार्य पूरा हो चुका है, जिससे ट्रेनों का संचालन और अधिक सुचारु हो गया है।




## रेलवे फाटकों पर प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी

जानकारी के अनुसार बिल्हा–दगोरी खंड, एलसी संख्या 405 (सिल्यारी गेट) बैकुंठ–सिल्यारी खंड और एलसी संख्या 430 (कुगदा गेट) कुम्हारी–डी केबिन खंड पर आरयूबी का बॉक्स पुशिंग कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं बैकुंठ–सिल्यारी खंड पर आरओबी का गर्डर लॉन्चिंग कार्य भी संपन्न हो चुका है। इन कार्यों के पूरा होने से अब आम नागरिकों को रेलवे फाटकों पर प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। निर्बाध सड़क यातायात, बेहतर सुरक्षा और अधिक तेज व सुरक्षित ट्रेन संचालन से यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

## 69.821 किमी में लगी सुरक्षा बाड़

रायपुर रेल मंडल में रेलवे संरचना को मजबूत करने के लिए पुल उन्नयन और ट्रैक सुधार के महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए हैं। सिल्यारी–मांढर खंड के पुल नंबर 403 को आधुनिक पीएससी गर्डर से और बिलासपुर–दाधापारा खंड के पुल नंबर 478 को ट्विन-बॉक्स संरचना में अपग्रेड किया गया है।वहीं क्षतिग्रस्त पीएससी स्लीपरों के त्वरित नवीनीकरण के लिए ट्रैक रिन्यूअल ट्रेन (टीआरटी) शुरू की गई है। मरौदा और आरएसडी यार्ड में क्रॉस-ओवर सुधार के साथ अब तक 69.821 किमी सुरक्षा बाड़ लगाई जा चुकी है। इससे ट्रेनों की सुरक्षित व निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हुई है।

# एसएसपी ने लिया शहर का जायजा पैदल मार्च कर जांची सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए रायपुर पुलिस ने पैदल और वाहन बेस्ड विजिबल पेट्रोलिंग का व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने खुद शहर के प्रमुख चौराहों और इलाके का जायजा लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर नशा, गुटबाजी, असामाजिक गतिविधियों और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखना है। पुलिस ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, सुनसान स्थानों, पार्क, चौक-चौराहों और आम स्थानों पर जमावड़ा लगाकर लगातार निगरानी की। साथ ही चारपहिया वाहन के अंदर शराबनोशी, धारदार या बटनदार चाकू लेकर घूमने और संदिग्ध व्यक्तियों की डिटेल चेकिंग भी की जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. सिंह ने लाखेनगर चौक से पुरानी बस्ती चौक, बूढ़ेश्वर चौक, बूढ़ातालाब गणेश मंदिर चौक और चांदनी चौक तक पैदल पेट्रोलिंग की। उन्होंने चेकिंग प्वाइंट्स का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डीआर पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन, थाना प्रभारी पुरानी बस्ती निरीक्षक शील आदित्य सिंह, थाना प्रभारी डीडी नगर निरीक्षक रविंद्र यादव, थाना प्रभारी आजाद चौक निरीक्षक अजीत सिंह राजपूत सहित अन्य थाना पुलिस बल मौजूद थे। सभी को थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पैदल पेट्रोलिंग और विजिबल पुलिसिंग से नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ता है और अपराधियों पर भी प्रभाव पड़ता है। उन्होंने निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों, पार्कों और चौक-चौराहों पर नशा करने वालों तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहे। रायपुर पुलिस का यह अभियान विशेष रूप से सामाजिक सौहार्द्र और सुरक्षा बनाए रखने के लिए चलाया जा रहा है।

सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

# हरिभूमि रायपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओर पत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज़ होती है! ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है! हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है! 24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साने अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है! इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, तारीफ़ के काबिल है! यही कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है! हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब-जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफ़र हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है ! यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है! आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेक न्यूज़, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है! यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी हैं।



















Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



झलकियां









आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में पांच दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप, पहले ही दिन उमड़ी मरीजों की भीड़

# बीपी-शुगर और कैंसर के मरीजों की विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने पढ़ी पुरानी फाइलें, तुरंत जांच-काउंसिलिंग, मिनटों में सोनोग्रॉफी

*आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में गुरुवार से पांच दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप शुरू हो गया। पहले दिन स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने लगभग 18 हजार पंजीकृत मरीजों में से 4700 पहुंचे। मेगा हेल्थ कैंप के मेडिसिन विभाग में मरीजों की जांच कर रहीं शहर की मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. उषा बारले ने बताया कि उन्होंने पहले दिन मौसमी बीमारी, थायराइड, एंजाइटी, पेट संबंधित समस्या से ग्रसित मरीजों की जांच व उपचार किया। जांच में सामान्य बीमारियों के मरीजों का जांच व दवाएं तुरंत उपलब्ध कराई गईं। वहीं एंजाइटी के मरीजों की काउंसिलिंग कर लाइफस्टाइल संतुलित बनाने परामर्श दिया गया। इसके अलावा गंभीर बीमारी के मरीजों की गहन जांच के लिए खून आदि सैंपल्स लिए गए, जिसकी दूसरे दिन तक जांच रिपोर्ट आएगी। उनकी जांच रिपोर्ट की स्टडी के बाद उचित उपचार व परामर्श दिया जाएगा।*





### व्यवस्था संभालने पैरामैडिकल के छात्रों समेत 500 लोगों की टीम

शिविर के संचालन में भारतीय जनता पार्टी के लगभग 500 कार्यकर्ता, पैरामेडिकल के छात्र और सामाजिक संगठनों के सैकड़ों स्वयंसेवक सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में सभी मरीजों के लिए उत्तम भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। मेगा हेल्थ कैंप प्रदेश की जनता के लिए राहत, भरोसे और उम्मीद का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है।

### इन विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की जांच

चिकित्सा जगत से डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. शैलेश खंडेलवाल, डॉ. रवि राठी, डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. गणवीर सिंह, डॉ. देवेंद्र नायक, सुभाष अग्रवाल, अशोक जिंदल, डॉ. सुनील कालड़ा, डॉ. केपी मुखर्जी, डॉ. शशांक गुप्ता, डॉ. एएन सेठी, डॉ. के. सुदर्शन, डॉ. मानिक चटर्जी, डॉ. एसएन मिश्रा, डॉ. अशोक भट्टर सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।



### जांच और उपचार की आस में राज्यभर से पहुंचे मरीज

मेगा हेल्थ कैंप का यह 16वां वर्ष है, जहां देशभर से मरीज निशुल्क स्वास्थ्य जांच व उपचार की आस लेकर पहुंच रहे। इस शिविर में देशभर के नामी विशेषज्ञ डॉक्टर सेवा दे रहे हैं। मरीजों को कैंप में एक ही जगह पर विशेषज्ञ डॉक्टर, जांच, परामर्श और दवाएं तत्काल उपलब्ध कराई जा रही हैं। कैंप में पहुंचे मरीज स्वास्थ्य लाभ लेकर संतुष्ट नजर आए।

**रायपुर।** शिविर के सर्जरी विभाग में रिम्स के सर्जन डॉ. गंभीर सिंह ने सर्जिकल केसेस में पाइल्स, पेट के अल्सर, डायबिटिक मरीजों की की जांच की और उनकी पुरानी मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराईं। इनमें हेल्थ रिपोर्ट कार्ड के अनुसार, कैंसर मरीजों के 6 ब्लड सैंपल लिए गए, हार्ट के 40 मरीज, नाक-कान-गला के 100, हड्डी रोग के 110, चर्म रोग के 350, पेट रोग के 150, मूत्र रोग के 20, दमा के 70 मरीजों की जांच हुई। 700 ब्लड सैंपल, एआई आधारित त्वचा व आंख स्कैनिंग 100 मरीजों की, होम्योपैथी उपचार 300, स्तन कैंसर डिटेक्शन 6, आयुष्मान कार्ड 140 बनाए गए। एक्यूप्रेशर 500, एलोपैथिक दवा वितरण 1100 मरीजों को, आंख जांच 750, डेंटल 200, एक्स-रे 100, सोनोग्राफी 85, ईसीजी 25, ईको 10, ब्लड डोनेशन 10, वेलनेस सेंटर 100, फिजियोथैरेपी 100, आयुर्वेदिक उपचार 400 मरीजों को दिया गया। शुगर के 2200 और बीपी के 2500 मरीजों की जांच की गई।

### सुबह 9 से शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन जांच और उपचार

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित यह मेगा हेल्थ कैंप 18 से 22 दिसंबर 2025 तक प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक संचालित होगा। शिविर में देशभर के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ 35 से अधिक प्रतिष्ठित अस्पताल निशुल्क जांच, परामर्श और उपचार की सुविधा दे रहे हैं। अब तक 18 हजार से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है। यह आयोजन रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत के नेतृत्व में किया जा रहा है।

सिटी लाइव

## सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के 150 पदों पर निकली भर्ती

**रायपुर।** राइट्स लिमिटेड की ओर से सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। जो उम्मीदवार राइट्स में बतौर सीनियर टेक्निकल के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के पदों पर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 दिसंबर 2025 निर्धारित है। सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग या मैकेनिकल में डिप्लोमा होना चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों को संबंधित विषय में कार्यानुभव भी होना चाहिए। सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के पदों पर आवेदन करने की अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके साथ ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।

### इस तरह होगा चयन

उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों से बहुविकल्पीय प्रकार के 125 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि ढाई घंटे निर्धारित की गई है। इसके साथ ही परीक्षा में गलत उत्तर के लिए नेगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी। इस परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा। परीक्षा का आयोजन देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 11 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। यह परीक्षा एक शिफ्ट में दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 5.30 बजे तक आयोजित कराई जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को एप्लीकेशन फीस का भुगतान करना होगा। सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए एप्लीकेशन फीस 300 रुपए और ईडब्ल्यूएस, एससी एवं एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए एप्लीकेशन फीस 100 रुपए निर्धारित है। सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे तय समय से पहले आवेदन प्रक्रिया को अवश्य पूरा कर लें। आवेदन करने का उम्मीदवारों को दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा।

## दिव्यांगों ने बिखेरी सतरंगी छटा, राउत नाचा, भांगड़ा और लावणी नृत्य से दर्शकों को किया अचंभित, तालियां बजाते देख बच्चे हुए प्रोत्साहित

**रायपुर।** प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव और स्थापना दिवस में डिसेबल बच्चों ने अपने जलवे बिखेरे। जिसमें छत्तीसढ़ी राउत नाचा, पंजाब का भांगडा, महाराष्ट्र का लावणी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। प्रयास स्कूल में मूक बधिर बच्चों के लिए कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग से उपसंचालक एपी गौतम उपस्थित थे। क्लब के अध्यक्ष भगवान अग्रवाल और उनकी टीम ने दिव्यांग बच्चों का उत्साह और मनोबल बढ़ाए रखा। ट्रस्ट के सचिव विपिन बंसल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर सभी सहयोगियों ने कार्यक्रम में व्यवस्था और अपना सहयोग प्रदान किया। वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में लायंस क्लब के सभी मेंम्बर्स ने बढ़-चढ़कर इस वार्षिक उत्सव में उपस्थिति दर्ज कराई। अपने कानों से न सुन पाने वाले बच्चों को हर एक नृत्य को श्रोताओं द्वारा भरपूर प्रोत्साहन मिला, सभी ने बच्चों की प्रत्येक प्रस्तुतियों के तालियां बजाकर उनमें उत्साह का संचार किया।

प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान वार्षिक उत्सव एवं स्थापना दिवस 2025







### स्टॉफ का रहता है बड़ा योगदान

दिव्यांग बच्चों को कार्यक्रम में प्रस्तुति देने और उनके थिरकते पैरों के पीछे प्राचार्य राजेश पाण्डेय और उनकी टीम ने खूब मेहनत की थी जो मंच पर दिखाई दिया। डिसेबल बच्चों को पढ़ाने-लिखाने से लेकर अन्य सभी कल्चरल एक्टीविटी में भाग लेने प्रयास स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं सहित सभी स्टॉफ हमेशा से अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते हैं। वार्षिक उत्सव में सभी स्टाफ का पूरा योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रयास स्कूल के सचिव विपिन बंसल, लायंस क्लब मनीष जग्गी, विकास सिंघल, संदीप अग्रवाल, हिमांशु पटेल, दिनेश लोहिया, विनोद निझावन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अंबुजा सिटी सेंटर में कनिका कपूर का लाइव कॉन्सर्ट आज

**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित अंबुजा सिटी सेंटर में आज की शाम बॉलीवुड की मशहूर गायिका कनिका कपूर की धमाकेदार लाइव बैंड परफॉर्मेंस होगी। इस म्यूजिकल इवेंट को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह है। इसमें संगीतप्रेमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कनिका कपूर अपने कॅरियर में कई सुपरहिट गानों के लिए जानी जाती हैं। बेबी डॉल', 'चिट्टियां कलाइयां', 'देसी लुक', 'लवली', 'बीट पे बूटी' और हाल ही में वायरल हुआ गाना ऊ बोलेगा या ऊ ऊ बोलेगा' (पुष्पा) भी आज उनकी परफॉर्मेंस का हिस्सा रहेगा। कनिका कपूर की प्रस्तुति के बाद कोलकाता के चर्चित बैंड भी अपने लाइव म्यूजिक से समां बांधेंगे। इन दोनों ही रॉकिंग कंसर्ट से शाम और भी यादगार हो जाएगी। कार्यक्रम के फ्री पास अंबुजा सिटी सेंटर के हेल्प डेस्क पर उपलब्ध हैं।

## विज्ञान विषय वस्तुओं के साथ व्यावसायिक शिक्षा को जोड़ने किया प्रायोगिक अभ्यास

**रायपुर।** नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरुप स्कूलों में विज्ञान विषय-वस्तु के शिक्षण के साथ व्यवसायिक प्रशिणकों को जोड़ने का प्रयास जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अछोटी द्वारा शहरी व ग्रामीण शासकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं में विज्ञान विषय का शिक्षण करने वाले शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में किया गया है। विकास खंड अकादमी स्रोत व्यक्ति नेम सिंह साहू ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि पांच दिनों में शिक्षकों को विज्ञान विषय-वस्तु के साथ स्थानीय शिल्प कलाओं, कलाओं और व्यावसायिक प्रशिक्षकों की जानकारी देकर विषय वस्तु को बच्चों कू मध्य रोचक और उपयोगी बनाने का अभ्यास कराया जाएगा। जिले के स्रोत व्यक्ति, लोक संस्कृति कर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने शिक्षक प्रशिक्षण के प्रायोगिक सत्र में अपने द्वारा संकलित शिल्प कलाओं की सामग्रियों का प्रदर्शन कर गति, ध्वनि, मृदा, वनस्पतियों , पक्षियों, वाद्य यंत्रों और शिल्पों की उत्पत्ति कथाएं, वाद्य यंत्रों के नमूनों, मिट्टी की कलाओं, ग्वालीनदीया, नांदिया बैल आदि का प्रदर्शन कर विषय-वस्तु के साथ जोड़कर कलाओं की उत्पत्ति, उसकी उपयोगिता और समाज में उपयोग की विस्तार से चर्चा की। साथ ही प्लास्टर ऑफ पेरिस का प्रायोगिक अभ्यास कराते हुए बच्चों को हस्तकलाओं एवं व्यवसायिक कलाओं के माध्यम से बच्चों में सृजनशीलता, सौंदर्यबोध, कलात्मकता, सक्रियता और विज्ञान विषय की समझ बढ़ाने की प्रेरणा दी।

बाजार में अंग्रेजी कैलेंडर की तुलना में पंचांग हिंदू तिथियों वाले कैलेंडर की मांग ज्यादा

## डिजिटल युग में भी पंचांग कैलेंडर की बढ़ी डिमांड, नए साल से पहले बिक्री तेज, त्योहार की सटीक जानकारी बनी वजह

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** नए साल के आने से पहले शहर के बाजारों में कैलेंडर की बिक्री ने रफ्तार पकड़ ली है। खास बात ये है कि इस बार भी अंग्रेजी कैलेंडर की तुलना में पंचांग यानी हिंदू तिथियों वाले कैलेंडर की मांग ज्यादा है। तीज-त्योहारों की सटीक जानकारी और धार्मिक उपयोगिता के चलते लोग अब भी पंचांग कैलेंडर को प्राथमिकता दे रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक, कंप्यूटर और मोबाइल जैसे डिजिटल विकल्पों के बावजूद हिंदू कैलेंडर की अहमियत कम नहीं हुई है। इनमें व्रत, पर्व, एकादशी, अष्टमी, संक्रांति और अमावस्या जैसी महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी आसान भाषा में दी जाती है। यही वजह है कि लोग घरों और पूजा स्थलों के लिए इन्हें खरीद रहे हैं। 50 से 100 रुपए तक में उपलब्ध ये कैलेंडर न केवल धार्मिक जानकारी देते हैं, बल्कि पंडित, ज्योतिष और आयोजक वर्ग के लिए भी बेहद उपयोगी हैं। बाजार में इस समय विभिन्न डिजाइन, साइज और प्रारूप में पंचांग कैलेंडर उपलब्ध हैं, जिनकी मांग बढ़ती जा रही है। ग्राहकों का मानना है कि डिजिटल एप्स और इंटरनेट से जुड़ी जानकारी भरोसेमंद नहीं होती, जबकि पंचांग कैलेंडर में हर तिथि के साथ पूरा विवरण रहता है, जो परंपरा और आस्था दोनों से जुड़ा होता है।

### सटीक जानकारी के लिए खरीद रहे पंचांग कैलेंडर

पंचांग कैलेंडर बेचने वाले कारोबारी रमेंश सिंघल ने बताया कि बेशक मोबाइल से गूगल पर सबकुछ दिख जाता है, लेकिन घरों में यदि तिथि, महीना या तीज त्योहार देखना हो तो लोग पंचांग कैलेंडर ही देखते हैं। उन्होंने बताया कि बाजार में पंचांग कैलेंडर कई तरह के आते हैं। ये कैलेंडर क्षेत्र के हिसाब से अधिक लोकप्रिय हैं। शहर में सबसे अधिक लोकप्रिय पंचांग कैलेंडर पं. बाबूलाल चतुर्वेदी का है। पंचांग कैलेंडर एक छोटा पंचांग होता है। इसमें मुहूर्त से लेकर तिथि त्योहार, शादियों की तारीख, राशिफल, ग्रहों की स्थिति, सूर्योदय-सूर्यास्त का समय, चंद्रोदय-चंद्रास्त का समय आदि सभी चीजें होती हैं। इनके लिए लोगों को देखने के लिए कहीं और परेशान नहीं होना पड़ता और बार बार आचार्य या पंडित से पूछना नहीं पड़ता।





### डायरी की मांग बढ़ी

नए साल में उपहार देने के लिए डायरियां ज्यादा पसंद की जाती हैं और लोग भी उन्हें रखना पसंद करते हैं। लिहाजा इनकी मांग बढ़ गई है। बाजार में एक से एक डिजाइन और रोचक जानकारियों से सजी डायरियां उपलब्ध हैं। इसे हर उम्र के लोग उपहार देने के लिए खरीद रहे हैं। साथ ही नए साल के कैलेंडर की भी पूछपरख बनी हुई है। डिजिटल युग में भी लोग ग्रीटिंग कार्ड पसंद कर रहे हैं। ई-कार्ड के साथ ही परंपरागत ग्रीटिंग कार्ड का क्रेज बना हुआ है। शुभकामना संदेशों के साथ आकर्षक डिजाइन में सजे कार्ड युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं।

## सिटी लाइव

# देशभर से जुटेंगे फिजिशियंस, हार्ट फेल्योर मोटापे समेत अन्य बीमारियों पर होगी चर्चा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स का 18वां वार्षिक सम्मेलन इस वर्ष 20 व 21 दिसंबर को होटल सायाजी में आयोजित होने जा रहा है। यह प्रदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक चिकित्सा आयोजनों में से एक है। इसमें देश के प्रमुख डॉक्टर्स, विशेषज्ञ, स्नातकोत्तर के विद्यार्थी एवं स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवर भी भाग लेंगे। सम्मेलन में दो समानांतर हॉल में विविध सत्र आयोजित किए जाएंगे। विषयों में आंतरिक चिकित्सा, कार्डियोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी, क्रिटिकल केयर, न्यूरोलॉजी सहित गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, संक्रामक रोग जैसे कई उभरते चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल किया गया है। गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान यह जानकारी आयोजन समिति के संचालक एवं अध्यक्ष डॉ. संजय वर्मा, सह-अध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने दी।

### विशेषज्ञ होंगे शामिल, तय विषयों पर करेंगे चर्चा

डॉ. राजीव लोचन खरे, डॉ. अनुराग अग्रवाल एवं डॉ. पंकज मोटघरे ने बताया कि सम्मेलन में संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, क्लीनिकल केस डिस्कशन, ओरेशन अवॉर्ड, स्नातकोत्तर छात्रों के लिए कार्डियोलॉजी क्विज एवं फ्री पेपर और ई-पोस्टर सत्र किए जाएंगे। इसका उद्देश्य चिकित्सकों को एक उच्च स्तरीय शैक्षणिक एवं संवादात्मक मंच देना है। डॉ. अरुण केडिया के नेतृत्व में देशभर के चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञों को एक समृद्ध और विविधतापूर्ण अकादमिक आयोजन में बुलाया है। इस वर्ष के मुख्य विषयों में थैरेपी, हार्ट फेल्योर के नए आयाम, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, मोटापे के नए उपचार, ऑस्टियोपोरोसिस प्रबंधन, सेप्सिस बायोमार्कर, एआई इन मेडिसिन, व्यावहारिक क्लीनिकल चुनौतियां जैसे विषयों को शामिल किया है।

## लाइव इवेंट

# ख्यातिलब्ध संगीतकारों की मौजूदगी में 40 प्रतिभागियों के बीच होगा सुरों का मुकाबला



**रायपुर।** स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन रायपुर के तत्वावधान में भारत रत्न, सुप्रसिद्ध गायिका स्व. लता मंगेशकर की पुण्यस्मृति में नवा रायपुर स्थित सत्य साईं संजीवनी ऑडिटोरियम में 20 और 21 दिसंबर को दो दिवसीय अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन रायपुर के संरक्षक मनोज शर्मा, अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह और प्रसिद्ध उद्घोषक कमल शर्मा ने बताया कि देशभर से रायपुर पहुंचे 457 प्रतिभागियों में से चुने गए 40 प्रतिभागी 20 और 21 दिसंबर को ग्रुप में एक दूजे के साथ मुकाबला करेंगे। इन प्रतिभागियों की गायन प्रतिभा का जज के रूप में आकलन करेंगे।

### प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित किया जाएगा

मुंबई से विशेष रूप से फिल्म जगत के मशहूर वायलिन वादक, अरेंजर और संगीतकार अमर हल्दीपुर भी यहां पधारे हैं, जिन्होंने फिल्म प्रेमियों को महानायक अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म शहंशाह में संगीत दिया था। अमर हल्दीपुर हिंदी सिनेमा की अनगिनत सुपरहिट फिल्मों के म्यूजिक अरेंजर रहें हैं और नामचीन संगीतकार अनिल बिस्वास के सुपुत्र उत्पल के साथ जोड़ी बनाकर अमर-उत्पल के नाम से कुछ फिल्मों में संगीत दिया है। अमर हल्दीपुर के अलावा गायक भूपिंदर सिंग की पत्नी, जानी-मानी गजल गायिका मिताली सिंह और पार्श्व गायिका जयश्री शिवराम भी जज के रूप में इस आयोजन का हिस्सा बनेंगी। इनके अलावा इस अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता के विजेता को नामचीन संगीतकार और म्यूजिक अरेंजर उत्तम सिंह द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## कैंपस इवेंट

# उद्योगों में बढ़ती तकनीक, ऑटोमेशन नवाचार से सजेगा इलेक्ट्रिक एक्सपो



**रायपुर।** एक बार फिर उद्योग जगत के बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक एक्सपो की 15वीं बार रायपुर मेजबानी करने जा रहा है। इस नेशनल एक्सपो में स्टील के साथ पॉवर और इलेक्ट्रिक प्रोडक्ट का अनूठा समावेश लोगों को मिलने वाला है। 19 से 22 दिसंबर इस एक्सपो का आयोजन विधानसभा रोड स्थित श्रीराम बिजनेस पार्क में किया जाएगा। उद्योगों में बढ़ती तकनीक, ऑटोमेशन और नवाचार के नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया जाएगा। एक्सपो के प्रबंध निदेशक राजकुमार अग्रवाल ने प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में बताया कि पिछले 14 आयोजनों में 4 हजार से ज्यादा प्रदर्शकों और 80 हजार विजिटर्स को मेजबानी का अवसर मिला है। इस बार भी प्रदर्शकों और लोगों से अच्छा रिस्पांस मिलने की उम्मीद बंधी है। देशभर के प्रमुख औद्योगिक शहरों रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, दुर्ग, मुंबई, नागपुर, बेंगलुरु, चेन्नई, नई दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद से 100 से अधिक प्रदर्शक भाग लेने वाले हैं।

### औद्योगिक प्रदर्शनी ने बनाई अपनी नई पहचान


नेशनल एक्सपो ने स्टील, पॉवर, सीमेंट, माइनिंग, हैवी इंडस्ट्रीज और अन्य संबद्ध क्षेत्रों के लिए प्लांट एवं उपकरणों की एक प्रमुख औद्योगिक प्रदर्शनी के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। इस वर्ष एक्सपो इंडस्ट्री 4.0, उन्नत विनिर्माण, सेवाओं और ऑटोमेशन जैसे विविध विषयों को समेटे हुए है। प्रतिभागियों को नॉलेज सेशंस, लाइव डेमो, हैंड्स-ऑन अनुभव और व्यापक नेटवर्किंग का भी अवसर प्राप्त होगा। यह आयोजन देशभर के विजिटर्स, डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और स्टॉकिस्ट्स के लिए उत्कृष्ट व्यापारिक संभावनाएं प्रदान करने वाला है। यह एक्सपो उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रायपुर द्वारा समर्थित है।

## ● साइंस कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेले का पर्यटन मंत्री ने किया शुभारंभ, मेले में सजे 350 से भी ज्यादा स्टाल्स

# मार्बल से बनी कृतियों के बीच लोगों को भा रहे वेस्ट मटेरियल्स से तैयार हैंडमेड होम डेकोरेटिव फ्लॉवर्स

साइंस कॉलेज मैदान में गुरुवार की शाम चिन्हारी ग्रुप की संगीतमय प्रस्तुति से जहां सांस्कृतिक मंच सजा। वहीं एक बड़ा वर्ग मेले में छत्तीसगढ़ सहित पंजाब, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान जैसे कई राज्यों से आए कारीगरों द्वारा सजाए गए 350 से ज्यादा स्टाल्स पर लोगों की चहल पहल देखने को मिली। जहां मार्बल से बनी कृतियों ने सभी को आकर्षित किया। मेले में वेस्ट मटेरियल्स से तैयार किए गए हैंडमेड होम डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स में फ्लावर और पॉट लोगों को भा रहा है। लोगो के उत्साह के बीच कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने स्वदेशी मेले का शाम को शुभारंभ किया।

**रायपुर।** स्वदेशी मेले का रंगारंग आगाज करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे के साथ ही भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, आशु चंद्रवंशी,अवतार बागल भी प्रमुख रुप से लोगों के बीच में मंचस्थ रहे। अतिथियों ने मेला संयोजक केदारनाथ गुप्ता, सहसंयोजक जसप्रीत सिंह सलूजा, आनंद सिंघानिया, अमरजीत सिंह छाबड़ा को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों से आए युवा कारीगरों और स्वसहायता समुह से जुड़ी महिलाओं को बेहतर बाजार देने के लिए इस तरह के आयोजनों की महत्ता और जरूरत पर प्रकाश डाला। मेले के प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया कि स्वदेशी मेला हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में आयोजन किया जा रहा है। मेले में 350 से अधिक स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। जहां सुई से लेकर मशीनरी उपकरण उपलब्ध हैं।







**पहले दिन अच्छा रिस्पांस मिला:** स्वदेशी मेले में राजस्थान के कारीगरों द्वारा निर्मित की गई कछुए से लेकर हाथी तक की कला-कृतियां लोगों को भा रही हैं।स्टाल संचालक ने बताया कि एक बड़ी मूर्ति को तैयार करने में 15 से 20 दिन लगता है। इस बार मेले में सौ रुपए से लेकर एक लाख तक के घर-आफिस और संस्थान को खास लुक देने के लिए सजावटी प्रोडक्ट के साथ किचन में काम आने वाला खलपट्टा, चौकी सहित कई सामान हैं। इसके अलावा वास्तु के हिसाब से घर-आफिस में रखने के लिए हाथी का छोटा रूप भी स्टाल पर सजाया है। इसे खरीदने में लोगों का पहले दिन अच्छा रिस्पांस मिला।

### सजावटी फूल भी खरीद रहे लोग

वेस्ट मटेरियल्स से बेस्ट थीम पर अनुप भौमिक ने ढेरो वेरायटी के सजावटी सामान स्टाल पर संजोने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि हैंडमेड प्रोडक्ट को लोग घर-आफिस सजाने के लिए खरीदना पसंद करते हैं। कागज, लकड़ी और रंगों का समायोजन करके फ्लावर पॉट ही नहीं बल्कि सुरजमुखी, गुलाब, गेंदा जैसे कई आर्टिफिशियल्स फूलों को तैयार करके दोबारा उपयोगी बनाया गया है। 30 से 50 रुपए प्रति डंडी सजाने के लिए लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। लकड़ी भूसे और बांस की लकड़ी ही नहीं इसके छिलके का भी इस्तेमाल आर्टिफिशियल फूलों को तैयार करने में उपयोग किया गया है।

### कोलकाता और असम की कृतियां खास

भिलाई से आए सिन्टू दास ने बताया कि वे कलकत्ता और आसाम के कारीगरों की मदद से बैम्बु आर्ट को आगे बढ़ाने के लिए स्टाल भी लगते हैं। इस बार भी लोगों की पसंद को देखते हुए बांस से निर्मित 22 से 25 हजार में सोफासेट, झूला, फोल्डिंग कुर्सी, सामान रखने के लिए आकर्षक बाक्स, मैग्जीन सेट, पेन स्टैंड और लैम्प जैसे कई प्रोडक्ट को स्टाल पर सजाया है। उन्होंने बताया कि कलकत्ता और आसाम के कारीगरों से स्थानीय युवाओं को जोड़कर वे बैम्बू आर्ट को लोगों की जरूरत बनाने और इससे आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने बताया कि टीम वर्क करते हैं।

### आज मेले में व्यंजन प्रतियोगिता

स्वदेशी मेला स्थल पर दोपहर 2 बजे से व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शाम 06 बजे सामाजिक समागम में महाराष्ट्रीयन समाज का कार्यक्रम, संगोष्ठी, पंच परिवर्तन का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय, अध्यक्षता डॉ. रमन सिंह, विशिष्ट अतिथि उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, संजय श्रीवास्तव इस अवसर पर मंचस्थ रहेंगे। सूर्यकांत राठौर, राजेंद्र गोयल भी आयोजन का हिस्सा बनेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी इंदिरा जैन ने दी।

# मनुष्य के भीतर धड़कती चेतना की भाषा है साहित्य, मुंशी प्रेमचंद के बिना चर्चा अधूरी

**रायपुर।** नव-छत्तीसगढ़ साहित्य सांस्कृतिक संस्थान ने गुरुवार को वृंदावन हॉल में साहित्य, सृजनशीलता और संवेदना विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया। इसके मुख्य अतिथि एवं वक्ता शशांक शर्मा ने पहले सत्र में कहा कि संवेदना साहित्य का जरूरी अंग है। साहित्य की संवेदना विभिन्न काल परिस्थितियों में अलग स्वरूप में देखने को मिलती है। यह सत्य है कि संवेदना के बिना साहित्य अधूरा है, क्योंकि साहित्य को जीवंत करने का काम संवेदना से ही संभव हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चिंतक, लेखक, स्तंभकार संजीव कुमार ठाकुर ने कहा कि साहित्य समेकित संवेदना और करुणा का प्रभाव है। साहित्य मूलतः मनुष्य के भीतर धड़कती चेतना की भाषा है, वह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मनुष्य को मनुष्य बनाता है। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य में मुंशी प्रेमचंद के बिना चर्चा अधूरी रहेगी। मुंशी प्रेमचंद ने किसानों, मजदूरों, स्त्रियों, दलितों की पीड़ा को साहित्य में संजोने का दायित्व निभाया।

### साहित्य, सृजनशीलता और संवेदना विषय पर गोष्ठी




### संवेदना के बिना साहित्य शब्दों का भंडार

विशिष्ट अतिथि पूर्व पुलिस महानिदेशक दुर्गेश माधव अवस्थी ने कहा, साहित्य, सृजनशीलता और संवेदना जैसे विषय पर विचार-विमर्श सुनने इतनी बड़ी संख्या में लोगों का आना साहित्य के प्रति शुचिता को दर्शाता है। साहित्य को संवेदना से अगर मुक्त कर दिया जाए तो साहित्य केवल शब्दों का भंडार बनकर रह जाएगा, या यूं कह लें कि प्रभावहीन हो जाएगा। वरिष्ठ कवियित्री शशि सुरेंद्र दुबे भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। प्रथम सत्र से पहले विधि-विधान से मां सरस्वती की आराधना की गई। इसके बाद विचार गोष्ठी तथा दूसरे सत्र में काव्य पाठ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति सुषमा पटेल ने दी। मंच संचालन शशांक खरे और भारती यादव एवं कार्यक्रम का संयोजन सुमन शर्मा वाजपेई ने किया।

### मर्म को जगाने वाली रचनाओं का समूह

विशिष्ट अतिथि जाह्नवी पांडे ने हिंदी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी में हिंदी साहित्य और संवेदना की सारगर्भित विवेचना की। उन्होंने इस अवसर पर संवेदना की कविता भी सुनाई। लेखिका श्रद्धा थवाईत ने कहा, साहित्य करुणा, संवेदना, मर्म और स्नेह का एक समेकित स्वरूप है। यह मनुष्य के मर्म को जगाने वाली रचनाओं का समूह है। खासकर स्त्री चिंतन में संवेदना एवं करुणा का विशेष स्थान है। शशि सुरेंद्र दुबे ने साहित्य के मर्म और उसकी संवेदना की गहराईयां को लेकर बात की।

# शिव कृपा साधना शिविर का आज से होगा शुभारंभ

**रायपुर।** भगवान शिव केवल एक देवता नहीं, बल्कि वह चेतना है, जो हर साधक के भीतर सुप्त शक्ति को जागृत करती है। वे ही आदिगुरु हैं, जिनकी कृपा से साधना का यह दिव्य प्रसाद संसार को प्राप्त होता है। 19 से 21 दिसंबर तक वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला में चलने वाले निशुल्क साधना शिविर में शामिल होने वाले लोग अनुभव भी करेंगे। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में यह जानकारी राजेश अग्रवाल ने दी। इस अवसर पर साधना शिविर में लोगों को इससे जोड़ने वाले गुरु दिवाकर और लीना ने संयुक्त रूप से लोगों को साधना की महत्ता बताते हुए तीन दिनों का अभ्यास कराने के बाद उसे जीवन का हिस्सा बनाने के लिए साधकों को प्रेरित करेंगे।




### सुबह से शाम तक होंगे अलग-अलग सत्र

उन्होंने बताया कि तीन दिनों के लिए अलग-अलग विषयों का चयन किया गया है। इनमें आत्म साक्षात्कार क्या है, इसमें आने वाली बाधाएं, पंच तत्वों की शुद्धि, इनर साइल्ड हीलिंग जैसे कई विषयों से साधकों जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही दिव्य चेतना से किस तरह साधक जुड़ सकते हैं, इसके बारे में भी गुरु दिवाकर एवं लीना लोगों को बताएंगी। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय साधना शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को शाम 6 बजे किया जाएगा। इसके बाद प्रतिदिन सुबह 8.30 से शाम 6.45 बजे तक अलग-अलग सत्र के रूप में इस शिविर का संचालन आयोजकों के सहयोग से किया जाएगा।

## राजधानी समेत प्रदेशभर में बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई

# बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर गूंजी पंथी की धुन लगे सतनाम के जयकारे, जैतखाम में चढ़ाया पालो

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सतनामी समाज ने आरती मंगल, पंथी नृत्य-गीतों की धुन पर झूमते-गाते जय सतनाम के जयकारे के साथ जैतखाम पर पालो चढ़ाया। समाजजनों ने पान, सुपारी, नारियल के साथ आरती की थाली सजाकर जैतखाम की पूजा-अर्चना की। शहरभर में बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती के अवसर पर हर्षोल्लास व भक्ति का वातावरण बना रहा। शहर के सभी जैतखाम स्थलों पर शोभायात्रा, प्रसादी वितरण, सतनाम संगोष्ठी, सतनाम कथा जैसे भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए गए। सतनामी समाज के बच्चे, बड़े, महिला-पुरुष और युवा साथी उत्साह तथा आस्था से भावविभोर नजर आए। बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक झाकियां, पंथी नृत्य, डीजे-धुमाल व अखाड़ा दलों का शौर्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। 18 दिसंबर को पूरे विश्व में बाबा गुरु घासीदास की जयंती सतनामी समाज के लोग उत्साह व आस्था के भाव से ओतप्रोत होकर मनाते है। इसी कड़ी में शहर में भी बाबा गुरु घासीदास की जयंती भक्ति व उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाजजनों सहित सामाजिक, राजनैतिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।



### डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में जयंती समारोह

डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे, शकुन डहरिया महासचिव डॉ जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि जयंती समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने-अपने घरों से कांसे की थाली में दीप सजाकर महाप्रसादी के साथ नारियल, फल, फूल इत्यादि अर्पित किए। इसके बाद सभी लोगों ने हाथ जोड़कर सामूहिक गुरु वंदना-पहली आरती जगमग ज्योति.. सतनाम.. सतनाम सार, गुरु महिमा अपार, हो जाही बेड़ापार आदि की स्तुति की। समाज के वरिष्ठ संतराम लहरे ने बड़ी सीढ़ी के सहारे ऊपर चढ़कर पवित्र जैतखाम में सफेद ध्वज, नया पालो (झंडा) चढ़ाया।

### खमतराई के सतनाम भवन में जयंती समारोह

खमतराई के सतनाम भवन में दो दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह के प्रथम दिवस पर 18 दिसंबर को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक मंगल भजन एवं पंथी नृत्य, 10 बजे से 12 बजे तक जोड़ा जैतखाम में झंडारोहण (पालो चढ़ाना), 12 से 2 बजे तक नया जोड़ा जैतखाम की स्थापना सर्वोच्च गुरु आसमदास के करकमलों द्वारा, 2 से शाम तक मंगल भजन, पंथी गीत व नृत्य आयोजित किया गया।





### आदर्श नगर मोवा में निकली सतनाम शोभायात्रा

सतनाम महिला सेवा समिति आदर्श नगर मोवा में बाबा गुरु घासीदास की जयंती बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर गुरुद्वारा भवन से मोवा ओवरब्रिज तक सात संत ध्वजवाहकों की अगवाई में भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों के प्रतिनिधियों ने जगह-जगह स्वागत किया। भाजपा विधायक मोतीलाल साहू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज शर्मा, भाजपा पार्षद देवदत्त द्विवेदी ने भी शोभायात्रा का स्वागत कर बाबा गुरु घासीदास के संदेश को समस्त मानव समाज के लिए हितकर बताया। इस दौरान हिंदू और मुस्लिम समाज तथा अन्य समाज के लोगों ने भी शोभायात्रा का स्वागत कर एकता की मिसाल कायम की। इसमें शोभायात्रा में सतनाम महिला सेवा समिति की अध्यक्ष पुष्पलता, जीएल ओगरे, उपाध्यक्ष गुंजा सुरेंद्र, पप्पू बंदे, सचिव चंपा हेतराम जांगड़े, कोषाध्यक्ष भारती आशुतोष डहरिया, उप कोषाध्यक्ष सुनीता कामता बंजारे, सहसचिव कंचन करण कोसले, मीडिया प्रभारी रामेश्वरी सुखनंदन बंजारे, हिरौंदी शंभू ढीढी, गीता पंडित सहित समिति के समस्त पदाधिकारी और सतनामी समाज के लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रुद्र चंडी महायज्ञ और लक्ष्य नवार्ण अनुष्ठान 22 से

**रायपुर।** मुजगहन स्थित कालपुरुष शनि धाम में नौ दिवसीय 22 से 23 दिसंबर तक रूद्र चंडी महायज्ञ और लक्ष्य नवार्ण अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि श्री रुद्र चंडी



महायज्ञ और लक्ष्य नवार्ण अनुष्ठान, मां दुर्गा (चंडी) और भगवान शिव (रूद्र) को समर्पित एक शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान है, जो विश्व शांति, सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और सभी बाधाओं (शत्रु, रोग, भय) के निवारण के लिए किया जाता है। इसमें दुर्गा सप्तशती का रूद्र-चंडी पाल, हवन (आहुतियों) और नवार्ण मंत्रों (जैसे 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे') का जाप शामिल होता है, जिससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और आध्यात्मिक व भौतिक लाभ मिलते हैं।

### शुक्ल भवन में छग संघर्ष परिषद की बैठक 21 को

**रायपुर।** बुढ़ापारा स्थित प्रदेश कार्यालय शुक्ल भवन में 21 दिसंबर को शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद की बैठक होगी। बैठक में 25 जनवरी को आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार में संगठन के 25वें स्थापना वर्षगांठ पर प्रादेशिक सम्मेलन की तैयारी, संभागवार प्रभारियों की नियुक्ति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में परिषद के संरक्षक पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल एवं महामंत्री रामअवतार देवांगन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने बताया कि संगठन के समस्त कार्यकारिणी सदस्य, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बैठक में आमंत्रित किया गया है, सभी के सुझावों पर विचार कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।

# टमाटर के दाम बीते साल से 10 गुना ज्यादा, इस समय दाम 50 से 60 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

लोकल टमाटर आने के बाद आमतौर पर टमाटर के दाम बहुत कम हो जाते हैं, लेकिन इस बार एक तो टमाटर की कई हेक्टयर फसल खराब हो गई है, वहीं पहली बार कई राज्यों में छत्तीसगढ़ का टमाटर जाने के कारण यहां पर आवक कम होने से दाम आसमान पर चले गए हैं। बीते साल दिसंबर में टमाटर के दाम चिल्हर में पांच रुपए थे, जो इस समय दस गुना ज्यादा 50 रुपए हैं। शहर में कई स्थानों पर दाम 60 रुपए भी है। इस समय अच्छी क्वालिटी का टमाटर थोक में ही 45 से 47 रुपए है। थोड़ी कम क्वालिटी का टमाटर थोक में 32 से 33 रुपए और चिल्हर में 40 रुपए बिक रहा है। जहां तक सब्जियों के दाम सवाल है, तो इसके दाम बहुत कम हो गए हैं। लोकल टमाटर की फसल दीपावली के आस-पास आती है। इस बार भी यह फसल आई तो पहले कीमत कम रही है।

### किस बाजार में टमाटर के कितने दाम

- शास्त्री बाजार में 50 रुपए
- भाठागांव बाजार में 40 से 50 रुपए
- पुरानी बस्ती बाजार में 50 से 60 रुपए
- डंगनिया बाजार में 50 से 60 रुपए
- टिकरापारा बाजार में 50 रुपए किलो है।

### कई राज्यों में जा रहा टमाटर



अब तक प्रदेश का लोकल टमाटर ज्यादा राज्यों में नहीं जाता था, लेकिन बीते साल से यहां के टमाटर कई राज्यों में जाने लगे हैं, ऐसे में शुरुआत में जब आवक कम रहती है तो दाम ज्यादा रहते हैं। लेकिन इस बार भी शुरुआत में तो दाम कम रहे क्योंकि बाहर से भी कम कीमत पर टमाटर आ रहे थे। अब जबकि बाहर से टमाटर की आवक बंद हो गई है तो यहां के टमाटरों की आवक भी कम है। इसका कारण यह है कि यहां के टमाटर जहां उप्र, बिहार, झारखंड और ओडिशा जा रहे हैं, वहीं पहली बार यहां से टमाटर दिल्ली और बंगाल भी जा रहे हैं। इसके अलावा टमाटर के सबसे बड़े हब धमधा क्षेत्र में कई हेक्टयर में फसल खराब हो गई है। ऐसे में डूमरतराई बाजार में थोक दाम 45 से 47 रुपए हो गए हैं।

### सब्जियों के भी दाम कम

जहां तक सब्जियों का सवाल है, तो इसके दाम बहुत कम हो गए हैं। फूल गोभी चिल्हर में 40 से 50 रुपए, पत्ता गोभी 20 रुपए, भाट्टा 30 से 40 रुपए, कुंदरू 40 रुपए, करेला 40 रुपए, पालक भाजी 40 रुपए, धनिया 60 से 80 रुपए, बरबट्टी 30 रुपए, सेमी 40 रुपए, कद्दू थोक 20 रुपए, लौकी थोक में 20 रुपए, मेथी 50 से 60 रुपए, प्याज भाजी 60 रुपए, मुनगा 80 रुपए, मटर 40 से 50 रुपए, गाजर 30 से 40 रुपए, मूली 20 रुपए किलो बिक रही है।

### टमाटर के दाम ज्यादा

लोकल टमाटर की आवक हो रही है। यहां के टमाटर बाहर के राज्यों में जा रहे हैं। थोक में बेस्ट क्वालिटी के दाम 45 से 47 और थोड़ी लो क्वालिटी के टमाटर के दाम 32 से 33 रुपए हैं।

**टी. श्रीनिवास रेड्डी,** अध्यक्ष, डूमरतराई सब्जी मंडी

## रायपुर के ग्रामीण इलाके में दो हत्याओं से सनसनी

# ढाबे में हत्या, लूट का विरोध करने पर मार डाला, तिल्दा में भी चाकू से गुदा हुआ शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आसपास एक ही रात बुधवार को दो अलग-अलग दो हत्याओं ने दहशत फैला दी है। खरोरा ढाबे में एक युवक को बदमाशों ने इसलिए मार डाला क्योंकि वह मोबाइल लूट का विरोध कर रहा था। इधर, तिल्दा में एक युवक का शव मिला है। उस पर चाकू से कई वार किए गए हैं। दोनों ही मामलों में चाकू का इस्तेमाल किया गया है और हमलावर फरार हैं।

किंग ढाबा के पास मोबाइल लूट का विरोध करने पर बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक के सीने में चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान शिव कुमार के रूप में हुई है, जो पलारी के कोदवा सासा का रहने वाला था और सिलतरा स्थित आबकारी वेयरहाउस में काम करता था। बुधवार रात वह अपने 10 अन्य साथियों के साथ किंग ढाबा में पार्टी करने गया था। खाना का आर्डर देने के बाद शिव कुमार अपने दो दोस्तों के साथ ढाबे के बाहर बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाश ढाबा पहुंचे और शराब पी रहे युवक से बलौदाबाजार जाने का रास्ता पूछा। बातचीत के बीच ही एक बदमाश ने अचानक शिव कुमार के हाथ से मोबाइल छीनने की कोशिश की। जब शिव कुमार ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने जेब से चाकू निकालकर सीधे उसके सीने में वार कर दिया। हमले के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए, जबकि शिव कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हत्याकांड से वहां सनसनी फैल गई।

### बीड़ी नहीं देने पर की हत्या

पुलिस के अनुसार ललित यादव की हत्या के आरोप में एक नाबालिग पकड़ा गया है, नाबालिग ने ललित से बीड़ी देने की मांग की, बीड़ी नहीं होने की बात कहने पर नाबालिग ने ललित के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।



### खरोरा में मोबाइल लूट के विरोध में हत्या पुलिस जांच में जुटी, आरोपी अब भी फरार

*दोनों ही मामलों में पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मृतकों के परिजनों व परिचितों से पूछताछ की जा रही है।*

### युवक का शव मिला

तिल्दा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में बुधवार सुबह एक युवक की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया। युवक की लाश वार्ड में ही एक रेत के ढेर पर पड़ी मिली।

मृतक की पहचान ललित यादव, निवासी नेवरा के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, मृतक के पेट और सीने पर धारदार हथियार से कई वार करने के निशान मिले हैं। प्रारंभिक जांच में चाकू से गोदकर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों ने सुबह रेत के ढेर पर शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची तिल्दा थाना पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, क्राइम ब्रांच और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीमें भी मौके पर पहुंचीं और साक्ष्य जुटाए। शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# फर्स्ट एसी में महिला का बैग चोरी टीटीई ने लॉक कराए कोच बाथरूम में बैग छोड़ भागा चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फर्स्ट एसी कोच में महिला यात्री से चोरी, रेलवे की मुस्तैदी से चंद घंटों में मिला बैग



ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों का सामान अब फर्स्ट एसी कोच में भी सुरक्षित नहीं रह गया है। बेतवा एक्सप्रेस में यात्रा कर रही महिला यात्री का हैंड बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। ट्रेन में कानपुर से रायपुर आ रही महिला यात्री प्रतिष्ठा सिंह जब गहरी नींद में थीं, तभी एक शातिर चोर फर्स्ट एसी कोच ए-1 में दाखिल होकर उनका बैग लेकर फरार हो गया। सुबह जब ट्रेन शहडोल के पास थी, तभी महिला की नींद खुली और उन्होंने बैग न मिलने पर तुरंत मामले की जानकारी कोच अटेंडेंट को दी। घटना की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात चीफ टिकट इंस्पेक्टर महेश कुमार ने सक्रियता दिखाई और तत्काल वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी को सूचना दी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रायपुर व बिलासपुर के कमर्शियल कंट्रोल को अलर्ट किया गया। सीटीआई महेश कुमार ने तुरंत कोचों को लॉक करवा दिया, ताकि संदिग्ध व्यक्ति ट्रेन से न उतर सके या चोरी का सामान बाहर न फेंक दे।

### कोच लॉक होते ही मिला चोरी का बैग

चीफ टिकट इंस्पेक्टर महेश कुमार द्वारा सभी कोच लॉक कराए जाने के बाद तुरंत सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। चोरी की सूचना मिलते ही महज 1 घंटे के भीतर ओबीएचएस (सफाई स्टाफ) को उठाकर पूरे कोच की गहन जांच करवाई गई। इसी दौरान संदिग्ध व्यक्ति ने पकड़े जाने के डर से चोरी किया गया बैग एसी कोच के टॉयलेट में लगे डस्टबिन में छिपा दिया। जांच के दौरान जब डस्टबिन चेक किया गया, तो उसमें एक बैग मिला, जिसे देखकर महिला यात्री प्रतिष्ठा सिंह ने तत्काल उसकी पहचान की। बैग में उनका एप्पल लैपटॉप, महत्वपूर्ण दस्तावेज, निजी सामान और करीब 3000 रुपये नकद थे। इस कार्रवाई के समानांतर रेलवे कंट्रोल ने रेलवे सुरक्षा बल को भी सतर्क कर दिया था। आरपीएफ ने अनूपपुर से लेकर पेंड्रारोड तक ट्रेन को चेक किया, ताकि किसी संदिग्ध को पकड़ा जा सके।

# एमएमआई से शदाणी दरबार तक दोबारा बनेगी सड़क, वाहनों के दबाव से जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर धमतरी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर 6 किलोमीटर दायरे की फोरलेन सड़क की हालत बेहद खराब है। भारी वाहनों के दबाव से जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, इससे दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को इस मार्ग में आने-जाने में काफी असुविधा हो रही है। इसे देखते हुए केन्द्रीय परिवहन मंत्रालय में ने एमएमआई हास्पिटल चौक से शदाणी दरबार तक की खस्ताहाल सड़क का मजबूतीकरण कार्य कराने 20.30 करोड़ की स्वीकृति दी है। निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत एनएच डिवीजन द्वारा कराया जाएगा।

दरअसल, रायपुर धमतरी मार्ग पर एमएमआई हास्पीटल चौक से शदाणी दरबार तक के सड़क की स्थिति खस्ताहाल है। दिनभर धूल के गुबार उड़ने और जगह-जगह भारी गड्ढे होने से सड़क पर दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग की इस फोरलेन सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के चलते ट्रैफिक का दबाव ज्यादा है। इसके कारण सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने और बजरी सड़क पर बिखरने से आसपास के रहवासियों और इस मार्ग पर आने-जाने वालों को सुगम आवागमन में दिक्कत हो रही है। ऐसे में आम जनता को इस मार्ग में सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने केन्द्रीय परिवहन मंत्रालय ने 20.30 करोड़ रुपए की मंजूरी दे दी है। इस फोरलेन सड़क का जल्द मजबूतीकरण कार्य करते हुए सड़क दोबारा बनाई जाएगी। इससे आम राहगीर और वाहन चालकों को आवागमन में सहूलियत होगी।

# मनोज अध्यक्ष, डॉ. मनीष बने छग स्टील चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्टील उद्योग से जुड़े प्रमुख संगठन छत्तीसगढ़ स्टील चैंबर का हाल ही में चुनाव हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव के तहत मनोज अग्रवाल (महेंद्र स्पंज एंड पॉवर लिमिटेड) को अध्यक्ष तथा डॉ. मनीष मंडल (आरती स्पंज एंड पॉवर लिमिटेड) को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही अनिल कुमार अग्रवाल को महासचिव, बांकेबिहारी अग्रवाल को कार्यकारी महासचिव एवं डॉ. विजय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकाल वर्ष 2026 से 2028 तक रहेगा। सभी पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ स्टील चैंबर के कार्यालय में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया।

# नए साल के जश्न के पहले फार्म हॉउस में हुड़दंग करते 20 से ज्यादा दबोचे गए

हरिभूमि ▶▶| न्यूज रायपुर

- नशे की हालत में कर रहे थे शोर शराबा, सूचना पर पहुंची पुलिस

नए साल के जश्न से पहले राजधानी में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी पुलिस ने फार्म हाउसों में कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार तड़के साढ़े तीन बजे पिरदा स्थित जेडी फार्म हाउस में देर रात चल रही प्राइवेट पार्टी में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर 15 युवक और सात युवतियों सहित कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17-18 दिसंबर की दरम्यानी रात सूचना प्राप्त हुई थी कि जेडी फार्म हाउस में देर रात प्राइवेट पार्टी के दौरान तेज आवाज में गाना बजाया जा रहा है और नशे की हालत में युवक-युवती हुल्लड़बाजी कर रहे हैं। साथ ही फार्म हाउस में अवैध नशे और अवैध हथियार रखे होने की भी आशंका जताई गई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर रेड की गई। पुलिस टीम के पहुंचने पर देखा गया कि फार्म हाउस में पार्टी चल रही थी और युवक-युवतियां नशे की हालत में शोर-शराबा कर रहे थे।

### इनकी गिरफ्तारी

गिरफ्तार किए गए आरोपितों में देवेन्द्र साहू, गौरव जोशी, वैभव पाठक, मनीष वर्मा, निखिल वर्मा, जय प्रकाश महेश्वरी, दीपक धीवर, विकास दास मानिकपुरी, रितिक मिश्रा, रुपेन्द्र सिंह ठाकुर, तनजीत प्रीत सिंह, आलोक धर दीवान, शिवम आर्या, हरिओम दूबे और देवांश ठाकुर शामिल हैं, जबकि सात युवतियां भी इस कार्रवाई की जद में आई हैं।

## पेज 11 के शेष

### रायपुर में मिली ...

आवेदन किया था। वहीं प्ले स्कूलों की संख्या के आधार पर प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहने वाले बिलासपुर में सिर्फ 10 प्ले स्कूलों ने आवेदन किया था। इसके बाद जिले के सभी प्ले स्कूलों को नोटिस जारी कर दिया गया है। दरअसल, प्ले स्कूलों के पंजीयन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश अब तक जारी नहीं किया गया है। ना तो कोई पंजीयन पोर्टल बनाया गया है और ना ही इस तरह का कोई आवेदन प्रारूप निर्धारित किया जा सका है। इसके चलते ही पंजीयन संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर कठिनाई उत्पन्न हो रही है। वहीं दूसरी ओर, लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला कार्यालयों को खत लिखकर अब तक पंजीकृत हो चुके प्ले स्कूलों की जानकारी मांगी है।

### सुरक्षा ताक पर...

अधिकारियों को भी निर्देश दिया हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में संचालित निजी प्ले स्कूलों से संपर्क कर पंजीयन सुनिश्चित कराएं। दरअसल, जिले में बड़ी संख्या में प्ले स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन अधिकतर स्कूलों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है। पंजीयन के अभाव में इन स्कूलों पर विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे मनमानी फीस वसूली और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसी को देखते हुए जिला शिक्षा कार्यालय ने कार्रवाई तेज की है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि पंजीयन प्रक्रिया में लापरवाही या टालमटोल करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### निर्देश के बाद ...


लगातार सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्ले स्कूलों पर सख्ती बरतने के साथ ही नई गाइडलाइन बनाने का निर्देश जारी किया था। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी बिलासपुर जिला शिक्षा कार्यालय ने निजी स्कूल संचालकों को निर्देश दिया था, लेकिन इसके बावजूद केवल 10 प्ले स्कूलों ने ही आवेदन किया था।

### इंटरनल अकाउंट ...

से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं इलेक्ट्रॉनिक सबूत जब्त किए गए। आरोपी चीफ मैनेजर, स्पेशलाइज्ड करेंसी मैनेजमेंट शाखा (एससीएबी), जो कि एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण शाखा है, जिसका कार्य अन्य शाखाओं को कैश पहुंचाना व मैनेज करना है, के प्रमुख के तौर पर पदस्थ था।

### ऐसे की गड़बड़ी...

तीस दिन होता था, उससे पूर्व ही मल्टीपल फेक इंट्रीज कर रोलओवर कर दिया, जिससे सिस्टम में कोई भी अलर्ट जनरेट न हो सके। इस तरह उसके द्वारा शुरू के महीनों में 3-4 फेक इंट्रीज की गई और बाद के महीनों में मल्टीपल फेक इंट्रीज की गई, किसी भी सहकर्मी और सुपरवाइजर अधिकारी द्वारा इन फेक इंट्रियों को डिटेक्ट नहीं किया गया, जो कि ड्यू डेलिजेन्स की कमी को दिखाता है और यह एक जांच का विषय है। बाद में इस रकम को क्रिप्टो करेंसी, ऑप्शन्स और कमोडिटी ट्रेडिंग में धन एप और डेल्टा एक्सचेंज के माध्यम से निवेश कर आरोपी द्वारा शासकीय राशि का गबन किया गया। आरोपी विजय कुमार आहके के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अन्य अधिकारियों और उनकी भूमिका के संबंध में पूछताछ एवं अग्रिम विवेचना जारी है।





















# नगरीय निकायों ने नहीं चुकाया निर्माण कार्यों पर साढ़े 17 करोड़ का सेस, देर करने पर अदा करना होगा ब्याज

**नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों के लिए जारी किया आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों, नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों ने अपने क्षेत्र में होने वाले निर्माण के एवज में मिलने वाला सेस श्रम विभाग को समय पर अदा नहीं किया है। निकायों पर साढ़े 17 करोड़ का बकाया निकला है। अब निकायों से यह राशि जमा करने कहा गया है, अन्यथा यह राशि ब्याज सहित वसूली जाएगी। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार उपकर अधिनियम एवं नियम के प्रावधानों के अनुसार किसी भी भवन एवं अन्य सन्निर्माण के कुल लागत (भूमि की लागत को छोड़कर) का 01 प्रतिशत उपकर के रूप में कटौती किया जाना अनिवार्य है। नगर निगम क्षेत्र के भीतर हो रहे व्यक्तिगत या व्यावसायिक निर्माण कार्यों पर भवन अनुज्ञा या नियमितीकरण अनुज्ञा स्वीकृति जारी करने के पूर्व तथा निगम के क्षेत्रकारिता के भीतर विभिन्न शासकीय,अशासकीय परियोजनाओं में किए जा रहे निर्माण संबंधी कार्यों पर 01 प्रतिशत उपकर की राशि कटौती करने का प्रावधान है।




**नगरीय प्रशासन ने कहा- बकाया राशि जमा कराएं**

इस मामले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी निकायों को आदेश जारी कर उपकर की बकाया राशि जमा करवाने कहा है। जिन निकायों पर ये राशि बकाया है उनका पूरा ब्योरा भी जारी किया गया है।

**दो प्रतिशत की दर से लगेगा ब्याज**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इसी आदेश में बताया है कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम के अधीन संदेय उपकर के निर्धारण उपरांत निर्दिष्ट समय अवधि में उपकर संदेय नहीं किये जाने की स्थिति में भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम के अंतर्गत उपकर के संदाय में विलम्ब होने पर 02 प्रतिशत मासिक की दर से ब्याज अधिरोपित किये जाने का भी प्रावधान है।

**राशि काटकर समय पर जमा करें**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निकायों के प्रमुखों से कहा है कि नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत नगर निगम,नगर पंचायत, नगर पालिका एवं जनपद पंचायत इत्यादि कार्यालयों के द्वारा भवन अनुज्ञा स्वीकृति एवं विभिन्न शासकीय परियोजनाओं पर कटौती की गई उपकर की बकाया राशि एवं नवीन परियोजनाओं में देय उपकर राशि कटौती नियमानुसार करने एवं कटौती के बाद समयानुसार श्रम कल्याण मंडल को हस्तांतरित करें।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय से साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक ईश्वर साहू, विधायक इंद्र कुमार साहू सहित साहू समाज के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, गिरजा साहू, नारद साहू, नंदलाल साहू, चंद्रभूषण साहू सहित साहू समाज के नवनिर्वाचित राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नर्सरी पहुंच मार्ग के लिए 3.84 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर। जिले के कटकोना मेन रोड से सुंदरपुर नर्सरी पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 3.18 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 3 करोड़ 84 लाख 48 हजार रुपए की लागत आएगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को स्वीकृति दी गई है।

# साव ने किया सरोना साइट का निरीक्षण कार्य की धीमी गति पर एजेंसी को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने गुरुवार सुबह राजधानी के सरोना डंप साइट का निरीक्षण किया। उन्होंने डंप साइट में कचरा निपटान और प्रोसेसिंग के कार्यों को देखा।

बायो रेमिडेशन कार्य की गति पर अंसतोष जाहिर करते हुए मंत्री अरुण साव ने एजेंसी को फटकार लगाई, साथ ही अनुबंधित एजेंसी को 31 मार्च 2026 तक काम पूरा करने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन के काम में तेजी लाने मशीनरी और मानव संसाधन बढ़ाने को कहा। निरीक्षण के दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस., महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप, सूडा के सीईओ शशांक पांडेय मौजूद थे। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने सरोना डंप साइट में बायो रिमिडेशन कार्य की निगरानी के लिए साप्ताहिक कार्ययोजना तैयार करने तथा प्रगति की रिपोर्ट उप मुख्यमंत्री कार्यालय, महापौर और राज्य शासन तथा सूडा के सीईओ को नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए। श्री साव ने लाइव फीड के जरिए खुद भी कार्यों की मानिटरिंग करने की बात कही। श्री साव ने रायपुर नगर निगम के अधिकारियों को प्रतिदिन साइट पर भौतिक प्रगति की समीक्षा करने तथा शासन स्तर पर लाइव फीड ड्रोन के माध्यम से निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



### हरित क्षेत्र के रूप में विकसित होगा सरोना साइट

सरोना डंप साइट के वैज्ञानिक और चरणबद्ध रिमिडिएशन के बाद इसे राजधानीवासियों के लिए हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने साइट निरीक्षण के बाद कहा कि इसे कचरे के ढेर से पूरी तरह मुक्त कर एक मॉडल साइट के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही इसका सौंदर्यीकरण कर एक आदर्श उदाहरण के रूप में पहचान दी जाएगी।

## बृजमोहन बोले- जी राम जी विधेयक ग्रामीण भारत के नवयुग की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जी राम जी विधेयक पर प्रथम वक्ता के रूप में चर्चा की शुरुआत करते कर इसे ग्रामीण भारत के नवयुग की नींव बताया। उन्होंने कहा, एक ऐसा बिल लाया गया है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ताकत देगा, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा, भारत के गांवों को स्वावलंबी बनाएगा, भारत के गांवों को बेरोजगारी से मुक्त करेगा, भारत के गांवों को साधन युक्त, सिंचाई से युक्त, संसाधन युक्त करेगा। भारत के गांवों में सड़क, पानी, बिजली मिलेगी विकसित और सर्व सुविधा युक्त बनेंगे। श्री अग्रवाल ने कहा, जहां मनरेगा ने 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी थी, वहीं नया विधेयक 125 दिनों के रोजगार, समयबद्ध कार्य-प्रदान, बेरोजगारी भत्ता, डिजिटल मस्टर रोल और टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण की गारंटी देता है जो ग्रामीण भारत में पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास का नया अध्याय लिखेगा। श्री अग्रवाल ने कहा, गांधी जी भी राम का नाम लिया करते थे और हमारे गांव, गांव में लोग राम राज्य की कल्पना करते हैं। उसी राम राज्य को लाने और गांधी जी के सपनों को पूरा करने के लिए विधेयक लाया गया है। श्री अग्रवाल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेसी तो गांधी जी का केवल नाम लेते हैं उनको ब्रांड के रूप में उपयोग करते हैं। अगर गांधी जी के सपनों को साकार करने का काम कोई कर रहा है तो यह नरेंद्र मोदी की सरकार कर रही है। यह जी राम जी विधेयक गांधी जी के ग्राम-स्वराज की अवधारणा को सशक्त करते हुए उनके सपनों को साकार करने वाला है।



## बंद रहेगी रेलवे क्रासिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेल मंडल के आरव्हीएच मंदिरहसौद के मध्य कचना रेलवे लेवल क्रॉसिंग की अप लाइन में आवश्यक एवं विशेष कार्य की वजह से 19 दिसंबर रात 8 से 20 दिसंबर सुबह 10 बजे तक बंद रहेगा। इसी तरह कचना रेलवे लेवल क्रॉसिंग की डाउन लाइन 23 दिसंबर की रात 8 से 24 दिसंबर की रसुबह 10 तक बंद रहेगा। इस दौरान वीआईपी गेट से आवागमन करें।

# कांग्रेस संगठन अभियान के तहत ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों की प्रक्रिया जारी

**बैज ने कहा- मंडल समिति में नियुक्ति माहांत तक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 2025 को संगठन निर्माण वर्ष घोषित किया है। पार्टी की ओर से चुनाव के लिए इसे सबसे बड़ी कार्रवाई बताते हुए दावा किया गया था कि जिले से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जाएगा। संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को नए सिरे से खड़ा करना था। संगठन सृजन अभियान समाप्ति की ओर है, लेकिन अब तक पीसीसी न अपनी कार्यकारिणी का गठन कर पाई है और न ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां हो पाई हैं। संगठन सृजन के नाम पर अब तक सिर्फ जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिलाध्यक्ष चयन के बाद जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्ष का चयन से लेकर जिला व ब्लॉक की टीम बनाने की प्रक्रिया जारी है। कांग्रेस के 307 ब्लॉक और 1400 मंडल समितियों में अध्यक्षों की नियुक्ति की जानी है। मंडल समितियों के अध्यक्ष की नियुक्तियों की तैयारी पूरी हो चुकी है। माहांत तक इसकी सूची पीसीसी के द्वारा जारी किए जाने की संभावना है। वहीं ब्लॉक अध्यक्षों के लिए चयन प्रक्रिया में अभी चल रही है। ब्लॉक अध्यक्षों के लिए जो नाम आएं है उन पर जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से निर्णय लिए जाएंगे।




### जिला अध्यक्षों से कहा गया ब्लॉक के लिए भेजें नाम

नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को पहली ही बैठक में कहा गया था कि ब्लॉक अध्यक्षों का नाम भेजे लेकिन गठन कब तक किया जाएगा, यह नहीं बताया गया है। संगठन सृजन अभियान के तहत कई बार प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष व अन्य नेताओं का दौरा अलग-अलग जिलों में हुआ। पर्यवेक्षको द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों के लिए नाम भी लिया गया था, इसके बावजूद इसकी सूची नहीं बन पाई।

### तालमेल की कमी के कारण जारी नहीं हुई सूची

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दीपक बैज की नियुक्ति 12 जुलाई 2023 को हुई थी, इतने लंबे समय बाद भी वे मोहन मरकाम के समय बनी पुरानी कार्यकारिणी से काम चला रहे है। कुछ चेहरों को जरूर बदला गया है। सूत्रों की माने तो कुछ माह पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी व ब्लॉक अध्यक्षों की सूची तैयार कर ली गयी थी, लेकिन प्रदेश व राष्ट्रीय नेताओं के बीच तालमेल और खींचतान के कारण वह सूची जारी नहीं हो पाई।

### मंडल अध्यक्षों की सूची जल्द : बैज

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब मंडल समिति के अध्यक्षों की सूची तैयार हो चुकी है। सूची जल्द जारी किए जाएंगे। वहीं ब्लॉक अध्यक्षों के चयन को लेकर प्रक्रिया अभी जारी है।






## खबर संक्षेप

### कहार भोई समाज के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन 21 को

**रायपुर**। मां कन्हाई परमेश्वरी सेवा समिति छग कहार भोई समाज द्वारा 21 दिसंबर को वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सांई मंदिर के पास लाखेनगर स्थित सामुदायिक भवन में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर समाज के पार्षदों का भी सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी समिति के प्रशांत नायक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। विशेष अतिथि रूपनारायण सिन्हा, नेहरू निषाद, भरत मटियारा, लखन धीवर, महेंद्र औसर, अंबर अग्रवाल, पार्षद सुमन-अशोक पांडेय, अजय साहू, आशु चंद्रवंशी, भुवनलाल अवसरिया आदि उपस्थित रहेंगे।

### कतिया समाज का प्रांतीय अध्यक्ष चुनाव 21 को

**रायपुर**। आमापारा शीतला मंदिर, हनुमान मंदिर स्थित सामुदायिक भवन में 21 दिसंबर को छत्तीसगढ़ कतिया समाज का प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। इस चुनाव में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कवर्धा, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा, कोरबा, कोरिया, रायगढ़ एवं छत्तीसगढ़ के हर जिले एवं गांव से कतिया समाज के लोग शामिल होंगे। यह जानकारी समाज के प्रदेशाध्यक्ष संतोष कुमार शिव ने देते हुए बताया कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संपन्न कराकर प्रदेशाध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारिणी का गठन करेंगे।

### ट्रक की चपेट में आकर महिला पत्रकार घायल

**रायपुर**। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक महिला पत्रकार ट्रक की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गई। ट्रक के पहिए में महिला पत्रकार का एक पैर बुरी तरह से कुचल गया है। पुलिस के अनुसार, एक मीडिया पोर्टल की संवाददाता गायत्री सिंह तेलीबांधा चौक में रोड क्रॉस कर रही थीं, इस दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गईं। गायत्री को गंभीर हालत में उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

### यादव समाज का परिचय सम्मेलन 18 जनवरी को

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा 34वां राज्यस्तरीय यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। साथ ही सम्मान समारोह और आदर्श सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन भी होगा। यह कार्यक्रम राजधानी रायपुर स्थित शहीद स्मारक भवन में 18 जनवरी को होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों से भी यादव महिला, पुरुष, युवक, युवती, बुजुर्ग, समाज प्रमुख, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री, विधायक शामिल होंगे। इसके अलावा परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में विवाहयोग्य युवक-युवती, परित्यक्ता, विधवा, विधुर, दिव्यांग प्रतिभागी भी अधिक संख्या में भाग लेंगे। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर यादव ने बताया कि परिचय सम्मेलन में भाग लेने के लिए समाज का आवेदन फार्म नकद शुल्क 200 रुपए निर्धारित की गई है, वह शुल्क जमा कर पंजीयन करा सकते हैं।

# जनवरी-फरवरी में कोच्चुवेली, रक्सौल और चर्लपल्ली ट्रेनें होंगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर यात्रा करने वाले यात्रियों को आगामी जनवरी और फरवरी में ट्रेनों की आवाजाही में बाधा का सामना करना पड़ सकता है। दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल अंतर्गत काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन में तीसरी लाइन और नई लाइन की कमीशनिंग के लिए प्री-एनआई और एनआई कार्य किया जाएगा। इस अधोसंरचना विकास कार्य का सीधा असर रायपुर होकर गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनों पर पड़ेगा। इनमें कोच्चुवेली, रक्सौल और चर्लपल्ली एक्सप्रेस शामिल हैं। इस कारण कुछ ट्रेनों को रद्द, आंशिक रूप से डायवर्ट किया गया है।

#### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ी

- 27 जनवरी, तथा 03, 10 एवं 13 फरवरी को यशवंतपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12251 यसवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया काचीगुडा-निजामाबाद जंक्शन-मुदखेड़ जंक्शन-पिंपल खुटी-नागपुर-दुर्ग-बिलासपुर के रास्ते सिकंदराबाद पहुंचेगी।
- 11 फरवरी को दरभंगा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 17008 दरभंगा-सिंदराबाद एक्सप्रेस 01 घंटे 15 मिनिट देरी से रवाना होगी।



सिकंदराबाद मंडल में तीसरी लाइन का काम

#### रद्द होने वाली गाड़ियां

- 28 व 31 जनवरी तथा 04, 07, 11 व 14 फरवरी 22647 कोरबा-तिरुवनंतपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) एक्सप्रेस 06 फेरे के लिए रद्द रहेगी।
- 26, 29 जनवरी तथा 02, 05, 09 व 12 फरवरी को कोचुवेली से 22648 कोचुवेली-कोरबा एक्सप्रेस एक्सप्रेस 06 फेरे के लिए रद्द रहेगी।
- 26 जनवरी तथा 02 एवं 09 फरवरी 2026 को सिकंदराबाद से 07005 सिकंदराबाद – रक्सौल एक्सप्रेस 03 फेरे के लिए रद्द रहेगी।
- 29 जनवरी तथा 05 एवं 12 फरवरी को रक्सौल से 07006 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 03 फेरे रद्द रहेगी।
- 26, 28 जनवरी, तथा 02, 04, 09 एवं 11 फरवरी को पटना से 03253 पटना - चर्लपल्ली एक्सप्रेस 06 फेरे रद्द रहेगी।
- 28 जनवरी, तथा 04 एवं 11 फरवरी को चर्लपल्ली से 07255 चर्लपल्ली–पटना एक्सप्रेस 03 फेरे रद्द रहेगी।
- 30 जनवरी, तथा 06 एवं 13 फरवरी को चर्लपल्ली से 07256 चर्लपल्ली –पटना एक्सप्रेस 03 फेरे रद्द रहेगी।

## मठपुरैना के चंडी मंदिर उद्यान में आधा दर्जन इक्वीपमेंट, 5 खराब होकर टूट गए, एक सही हालत में

# बगीचों में लगाए ओपन जिम के इक्वीपमेंट में लगा जंग, कहीं फिसलपट्टी टूटी तो कहीं नट बोल्ट गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

महानगरों की तर्ज पर राजधानी रायपुर सहित आउटर में स्थित वार्डों के बगीचों सहित खाली जगहों पर आम जनता की सेहतमंदी के लिए नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अलग-अलग तरह के फिटनेस इक्वीमेंट लगवाए। 11 सेट वाले ओपन जिम में 4 लाख से अधिक खर्च कर 3 साल के लिए अनुबंधित एजेंसी को मेंटनेंस का जिम्मा दिया, पर ज्यादातर ओपन जिम के मेंटनेंस अवधि पूरा होने के बाद इसके रखरखाव की ओर ध्यान नहीं देने से बूढ़ापारा, मोतीबाग, रोहणीपुरम तालाब गार्डन, नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित निगम गार्डन, हीरापुर के रामजानकी मंदिर गार्डन, अटारी हाईस्कूल में सड़क किनारे लगाए गए ओपन जिम के उपकरण खराब हो चले हैं।

घुटनों की एक्सरसाइज के लिए रोहणीपुरम गार्डन में लगाए पेडलर का मत्था महीनों से निकल गया है, वहीं हाथों की कसरत के लिए लोहे की चकरी लगाई गई है उसके एक तरफ का रबड़ वाला मत्था टूटकर अलग हो चुका है। बूढ़ापारा मुख्य मार्ग के ओपन जिम में बच्चों के लिए लगाए गए फिसलपट्टी टूटने से अब वहां बच्चों की टोली जाने से कतरा रही है। लोगों ने इसकी शिकायत निगम मुख्यालय और संबंधित जोन कार्यालय में भी की है, इसके बाद भी जिम इक्वीपमेंट की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक रिपोर्ट -

### चंडीमाता उद्यान मठपुरैना

*नगर निगम जोन 6 क्षेत्र के मठपुरैना इलाके चंडी माता उद्यान में निगम द्वारा लोगों को फिटनेस की सुविधा देने आधा दर्जन फिटनेस इक्वीमेंट लगवाए गए। कुछ समय तक लोगों ने इन अलग-अलग तरह के इक्वीमेंट का उपयोग कर इसका लाभ उठाया। पर देखरेख के अभाव में ओपन जिम के 5 उपकरण टूट गए जिसे बदला नहीं गया। केवल 1 इक्वीपमेंट ही सेहतमंदी के काम आ रहा है। जबकि इस उद्यान में बच्चे, युवा और बुजुर्गों की आवाजाही बनी रहती है। कुछ बच्चे टूटे हुए इक्वीपमेंट के उपर वाले हिस्से में उछलकूद कर धमाल मचाने आते हैं। शिकायत के बाद भी जिम में लगाए मशीनों की देखरेख में ध्यान नहीं देने से यह स्थिति निर्मित हुई है।*





- नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने लोगों की सेहतमंदी के लिए बगीचों और खाली जगहों पर लगाए ओपन जिम
- बूढ़ापारा के दुर्गा मंदिर की ओपन जिम की फिसलपट्टी टूटी, हरी घास की जगह झाड़ियां के बीच उपकरण

### जोनों से मंगाई फाइल

नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों में स्थित गार्डन में स्थापित ओपन जिम उपकरणों की देखरेख और आवश्यकता के अनुसार मरम्मत कराने 3-3 लाख रुपए दिए गए हैं। इसके साथ ही ऐसे बगीचों को जिसमें ओपन जिम के फिटनेस उपकरणों की मरम्मत की जरूरत है उसे सूचीबद्ध कर जोनों से फाइल मंगाई है।

\- **भोलाराम साहू**, अध्यक्ष, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग

### बूढ़ापारा दुर्गा मंदिर के पास ओपन जिम

*रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण और सड़क चौड़ीकरण के दौरान दुर्गा मंदिर मार्ग में सप्रे शाला खेल मैदान वाले हिस्से बच्चों के खेलकूद और मनोरंजन के लिए 1 करोड़ कर वहां फिसलपट्टी, आकर्षक झूले और ओपन जिम के इक्वीमेंट लगवाए गए। इसके साथ ही वहां हरी घास लगाकर उसे सुंदर स्वरूप दिया गया। रंग-बिरंगी लाइटें यहां लगाई गई। शहर के बीच ओपन जिम और मनोरंजन के साधन होने की वजह से यहां देर शाम तक चहल पहल रहती। एक अच्छा स्पॉट के रूप में लोग इसे पसंद करने लगे। गार्डन और बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ की सुरक्षा के लिए वहां लोहे का बड़ा गेट लगाकर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की गई। पर बाद में सरकार बदलने पर इस मार्ग को आमजनता की आवाजाही के लिए खोलने से असमाजिक तत्वों का आना-जाना शुरू हो गया। आज हालत ये है अब पहले से जैसे चहल-पहल नहीं रही। झूले और फिसलपट्टी देखरेख के अभाव में टूट गए। हरियाली वाली जगह उजाड़ पड़ी है। घास पूरी तरह सूख गई है। झूले के आसपास कटीली झाड़ियां उग आई है जिसकी कटाई छटाई स्मार्ट सिटी और नगर निगम नहीं करवा रहा। रंग-बिरंगी लाइटें बंद पड़ी है और वहां लगाए गए महंगे स्ट्रीट पोल गायब हो गए हैं।*

### हीरापुर के रामजानकी मंदिर परिसर में ओपन जिम

वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा ओपन जिम के 11 फिटनेस उपकरण वाला सेट 4 लाख खर्च कर लगवाया गया। शुरुआत के 3 साल तक निगम से अनुबंधित एजेंसी ओपन जिम के फिटनेस उपकरण का देखरेख करते रही, पर इसके बाद से मेंटनेंस पर ध्यान नहीं देने से लोगों की सेहतमंदी के लिए लगाए गए इक्वीपमेंट खराब हो चले हैं। इसी तरह अटारी हाईस्कूल के पास मुख्य मार्ग के किनारे ओपन जिम की सुविधा दी गई है। लगाए गए इक्वीमेंट में ग्रीसिंग नहीं होने और कलपुर्जो की देखरेख में लापरवाही के चलते एक्सरसाइज के लिए लगाये गए 5 से अधिक उपकरण खराब हो गए। इसे बदलने के लिए वार्ड पार्षद की ओर से जोन में प्रस्ताव भेजा गया है।

### खुड़मुड़ा में नाले के पास ओपन जिम, सन्नाटा

खुड़मुड़ा में नाले के पास वीरान जगह में ओपन जिम की सुविधा लोगों के लिए की गई है। यहां आधा दर्जन से ज्यादा अलग-अलग तरह के एक्सरसाइज संबंधी उपकरण लगाए गए हैं। फिटनेस के लिए जो उपकरण लगाए गए हैं वह ऐसे जगह पर है जहां इसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है। बल्कि सांझ ढलते ही असामाजिक तत्वों जमावड़ा लगता है। इस क्षेत्र में न प्रकाश की व्यवस्था है और न ही मूलभूत सुविधा। ऐसे में वहां लगाए गए मशीन के पुर्जे में जंग लगने लगा है।

# अनिश्चितता के दौर में व्यापारियों को मानसिक मजबूती का मिलेगा मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में ब्रह्माकुमारी शिवानी देंगी उद्बोधन
- 22 दिसंबर को शाम 6 बजे से कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के व्यापारियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 22 दिसंबर को शाम 6 बजे से किया जा रहा है। बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में ब्रम्हाकुमारी शिवानी दीदी अनिश्चितता के दौर में व्यापारियों को मानसिक मजबूती और सफलता का मार्ग विषय पर मार्गदर्शन देंगी। इस गरिमामय कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और ब्रह्माकुमारी संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव को आमंत्रित किया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, लाभचंद बाफना, प्रमुख सलाहकार सरल मोदी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राधा किशन सुंदरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से ब्रह्माकुमारी सविता, रश्मि एवं महेश डोडवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर शिवसेना ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर शिवसेना छत्तीसगढ़ द्वारा दिल्ली के धरनास्थल जंतर-मंतर पर गुरुवार को धरना-प्रदर्शन किया गया

यह प्रदर्शन शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में लगातार पांच साल से किया जा रहा है। साथ ही साल में एक बार प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि जल्द ही हिंदू राष्ट्र घोषित कर देश के 90 प्रतिशत हिंदू समाज की मांग को पूरा करें। संतोष शुक्ला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शन करने वालों में धनंजय सिंह परिहार, मधुकर पांडे, रेशम जांगड़े, संजय नाग, सुनील झा, एचएन सिंह पालीवार, राकेश श्रीवास्तव, कमलाकर यादव, सूराज साहू, शिवराम केशरवानी, राजेश थावरे, दिनेश तामरकर, ईश्वर निषाद, दिलेश्वर विश्वकर्मा, अजय बंजारे, सम्राट सिंह, सनत पटेल, शोभा शंकर त्रिपाठी, रोहित साहू आदि शामिल रहे।

# होटल कारोबारी और डीएसपी के बीच कथित लेन देन की जांच शुरू, दोनों पक्षों के बयान दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर कर रहे हैं जांच
- होटल कारोबारी और उसकी पत्नी का बयान दर्ज

राज्य के चर्चित होटल कारोबारी दीपक टंडन और राज्य पुलिस सेवा की अफसर डीएसपी कल्पना वर्मा के बीच हुए कथित लेनदेन के मामले की जांच के लिए एक सदस्यीय टीम गठित की गई है। मामले की जांच रायपुर ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर कर रहे हैं।

जांच के पहले दिन गुरुवार को कारोबारी दीपक टंडन और उसकी पत्नी बरखा टंडन ने जांच अधिकारी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। साथ ही डीएसपी कल्पना वर्मा और परिजनों को भी जांच अधिकारी ने पूछताछ के लिए तलब किया।

दरअसल रायपुर के होटल कारोबारी दीपक टंडन ने आरोप लगाया है कि डीएसपी कल्पना वर्मा ने उन्हें साजिश के तहत फंसाया है। वर्ष 2021 से 2025 के बीच उसने कल्पना को 2 करोड़ रुपए कैश, एक हीरे की अंगूठी, एक सोने की चेन और एक कार दी थी, जिसे उन्होंने अपने पास रख लिया है। हालांकि पुलिस ने दोनों मामलों में बयान दर्ज कर लिया है। जांच में मामला आपसी लेन-देन के विवाद का पाया गया। फिलहाल दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। वहीं डीएसपी कल्पना वर्मा ने दीपक टंडन के सभी आरोपों को निराधार और साजिश बताया है।

### डीएसपी ने रखा अपना पक्ष

इस मामले में डीएसपी कल्पना वर्मा ने कहा कि यह सब मामले उन्हें बदनाम करने के लिए रचे गए हैं। मेरी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने किसी भी तरह के गलत संबंध या पैसों के लेन-देन से इंकार किया। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में हर तरह की जांच के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। डीएसपी कल्पना वर्मा ने कारोबारी दीपक टंडन के वायरल सीसीटीवी फूटेज और कथित चैट को लेकर टंडन से पैसे वसूलने और कार देने के आरोप को झूठ बताया है। कल्पना वर्मा ने दावा किया है कि वे टंडन के होटल में पिता के बकाया 42 लाख रुपए लेने गई थीं।



### बयान दर्ज कराने पहुंचीं डीएसपी

कारोबारी से लेनदेन और उसके द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर डीएसपी कल्पना वर्मा अपना बयान दर्ज कराने एसएसपी ऑफिस पहुंचीं, जहां एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर ने करीब तीन घंटे तक डीएसपी का बयान दर्ज किया। बयान दर्ज कराने के बाद डीएसपी देर शाम एसएसपी ऑफिस से बाहर निकलीं। बयान के बाद जांच कर एएसपी ग्रामीण आईजी को रिपोर्ट सौपेंगे।

### कारोबारी ने लगाया पैसे लेने का आरोप

वहीं कारोबारी का दावा है कि आर्थिक तंगी का हवाला देकर डीएसपी ने उनसे 30 लाख रुपए लिए, जो उन्होंने तत्काल ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। दीपक टंडन का आरोप है कि इस दौरान निजी चैट में डीएसपी ने उनसे परिवार से अलग होने तक की बातें कहीं, जिसे उन्होंने शिकायत के साथ डिजिटल सबूतों के रूप में प्रस्तुत किया है। उनका दावा है कि जब उन्होंने पैसे वापसी और व्यापारिक हिसाब-किताब पर सवाल उठाया तो उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी मिली।

### ये है पूरा मामला

*जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021 में जब महिला डीएसपी की पोस्टिंग महासमुंद में थी, तभी उनके एक बैचमेट ने उन्हें होटल कारोबारी दीपक टंडन से मिलवाया था। शुरुआती बातचीत धीरे-धीरे मुलाकातों में बदल गई और माना में स्थानांतरण के बाद रिश्ते और गहरे हो गए। दोनों परिवार भी एक-दूसरे से परिचित हो गए थे। दीपक टंडन का कहना है कि वह इस संबंध को व्यापारिक साझेदारी की दृष्टि से देखते थे, जबकि डीएसपी भी किसी नए बिजनेस की शुरुआत के लिए इच्छुक थीं। बातचीत आगे बढ़ी तो डीएसपी ने अपने भाई से जुड़े कुछ आर्थिक मामलों में मदद की बात भी की। विवाद की जड़ वर्ष 2023 में सामने आई, जब रायपुर के एक रेस्टोरेंट एटमास्फेरिया को लेकर लगभग 45 लाख रुपए की डील करने की प्रक्रिया शुरू हुई।*

# बैंक, बीमा कर्मचारियों, अधिकारियों ने किया प्रदर्शन, बनाई मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई वृद्धि के विरोध में गुरूवार को बैंक, बीमा के कर्मचारियों और अधिकारियों ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारी कर्मचारी यूनियनों की संयुक्त संघर्ष समिति के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर प्रदेश भर में बैंक व बीमा कर्मचारियों व अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन कर देशव्यापी फैसला को वापस लेने की मांग की। राजधानी रायपुर में मुख्य प्रदर्शन पंडरी स्थित एलआईसी मंडल कार्यालय के समक्ष किया गया। शाम को बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर इस प्रस्ताव के वापसी तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लेकर सभा की।

विरोध दिवस का आव्हान ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉईज़ एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन, नेशनल कंफेडरेशन ऑफ बैंक एम्प्लॉईज़, फेडरेशन ऑफ एलआईसी क्लास वन ऑफिसर्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉईज़ एसोसिएशन,जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉईज़ ऑल इंडिया एसोसिएशन, ऑल इंडिया एल आई सी एम्प्लॉईज़ फेडरेशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन बैंक एम्प्लॉईज़ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

- बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई वृद्धि का विरोध
- पंडरी स्थित एलआईसी मंडल कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन





### इन्होंने किया संबोधित

सभा को बैंक अधिकारी संघ के वाय गोपाल राव, बैंक कर्मचारी संघ से शिरीष नलगुंडवार, राज्य कर्मचारी संघ से चंद्रशेखर तिवारी,प्रायवेट स्कूल शिक्षक संघ -सीटू से राजेश अवस्थी एवं सेंट्रल जोन इंश्योरेन्स एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव धर्मराज महापात्र ने संबोधित किया।

### विदेशी पूंजी के हवाले करने का प्रयास

*इस अवसर पर सभा को कर्मचारी नेताओं ने कहा कि लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक को चालाकी से "सबका बीमा – सबकी रक्षा विधेयक 2025 नाम दिया गया है। संशोधनों के घोषित उद्देश्य बीमा क्षेत्र की वृद्धि को तेज करना, पॉलिसीधारकों की सुरक्षा बढ़ाना, कारोबार करने में सुगमता लाना तथा विनियामक पारदर्शिता और निगरानी को मजबूत करना बताए गए हैं। पर वास्तविक मंशा कहीं अधिक घातक प्रतीत होती है। वक्ताओं का कहना था कि यह भारत की बहुमूल्य घरेलू बचत को थाली में परोसकर विदेशी पूंजी के हवाले करने का प्रयास है। घरेलू बचत पर विदेशी पूंजी को अधिक नियंत्रण देना अविवेकपूर्ण होगा, विशेषकर तब जबकि अर्थव्यवस्था टैरिफ युद्धों और भारी पूंजी निकासी के कारण अनिश्चितता का सामना कर रही है। रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के महासचिव सुरेन्द्र शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।*

### प्राचार्य भर्ती परीक्षा आयोजित करने मांग

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने शिक्षा मंत्री और स्कूल शिक्षा सचिव को खत लिखकर प्राचार्य पदों के लिए शीघ्र विभागीय परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। कर्मचारी संघ के मुताबिक, प्राचार्य के 90 प्रतिशत पद नियमित व्याख्याता, व्याख्याता एलबी व प्रधान अध्यापक की पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है। पदोन्नति प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। बचे हुए 10 प्रतिशत पदों की पूर्ति विभागीय परीक्षा के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।




प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 9165774445





हरिभूमि
24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

शहर से लेकर गांव तक छाए
पाठकों की पहली पसंद दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं...



श्री दुर्गेश वर्मा
अध्यक्ष-ब्लाक कांग्रेस कमेटी
धरसीवां



प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 9165774445

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

# सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं...



हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओरपत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज होती है! ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है! हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है! 24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साने अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है!इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, तारीफ़ के काबिल है! यही कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है! हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब-जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफ़र हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है !यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है! आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेक न्यूज़, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है!यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी हैं।

### सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण



**महेश अग्रवाल**
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद-तिल्दा नेवरा

हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याए सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।

### त्वरित टिप्पणी का जवाब नहीं



**घनश्याम अग्रवाल**
समाजसेवी/भाजपा नेता

जैसा नाम, वैसा ही काम त्वरित टिप्पणी के प्रकाशन होते ही शासन-प्रसासन का तत्काल कार्यवाही होना देखने को मिलता है। त्वरित टिप्पणी में हमेशा सच्ची खबरों को प्रकाशित किया जाना यह हरिभूमि अखबार का दात्यिव व कर्त्तव्य होता है।

### स्वास्थ्य का खजाना, सेहत



**राम पंजवानी**
भाजपा नेता

शारीरिक स्वास्थ्य शरीर की स्तिथि को दर्शाता है। हरिभूमि अपने सेहत प्ररिशिष्ठ के माध्यम से शरीर की संरचना, विकास, कार्यप्रणाली और रखरखाव आदि शामिल होता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी पाठकों को दी जाती है।


### हमारी ज़िन्दगी का हिस्सा हरिभूमि



**रानी सौरव जैन**
पार्षद - मिशन वार्ड 21
नगर पालिका तिल्दा नेवरा

अखबार का महत्व समझने के लिए आपको खुद का महत्व समझना होगा। क्योंकि जब सारे हथियार बेअसर हो जाते हैं तो अखबार ही काम आता है। ठीक उसी तरह हरिभूमि अखबार हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है।

### जब खबर से पोल है खुलती



**सुंदरदास पंजवानी**
अध्यक्ष - किराना व्यापारी संघ तिल्दा नेवरा
एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कैट

जब खबर से पोल खुलती है, तभी सच्ची खबर हमें पढने को मिलती है, हरिभूमि ने अपने 23 वर्षो की मेहनत से हमेशा सच्चाई ही प्रकट किया है। इसी वजह से ही पाठकों ने हमें बहुत प्यार एवं विश्वास के साथ हमेशा छ.ग. का नं. 1 अखबार बना दिया।

### प्रदेश को नई पहचान दी



**सौरव जैन**
युवा भाजपा नेता

हरिभूमि के शुरूआत से ही राज्य के विकास में हरिभूमि का विशेष योगदान रहा, समाचार के माध्यम से जन-जन की आवाज़ को समय-समय पर बुलंद करके शासन, प्रसाशन व जनता की आवाज बनता गया। प्रदेश को नई पहचान देने में योगदान रहा।

### सबसे सस्ता, सब से अच्छा



**रोशन अहुजा**
युवा समाजसेवी
तिल्दा-नेवरा

हरिभूमि प्रारम्भ समय में एक रूपये का अखबार आपने पाठकों को सही दाम और सच्ची खबरों के साथ अपने पाठकों के हर घर का सबसे प्रिय अखबार बनता गया, और आज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े अखबार के रूप में हमारे पाठकों ने हमें यह स्थान दिया।

### समाचारों की कसावट हेतु प्रतिबद्ध



**चंद्र कुमार पाटिल**
प्रदेश मंत्री भाजपा
अनुसूचित जाति मोर्चा (छ.ग.)

भले ही आज का इन्टरनेट युग है मगर समाचार पत्रों एवं अखबारें ने अपनी उपयोगिता को अभी तक बनाए रखा हैं, सस्ती कीमत तथा टिकाऊ खबरों के स्त्रोत समाचार पत्र का महत्व आज भी उतना ही है जितना किसी समय हुआ करता था, हरिभूमि अपने समाचारों हेतु प्रतिबद्ध रहता है।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक, बाल भूमि



**विकास कोटवानी**
(मंत्री) भाजपा जिला ग्रामीण रायपुर

प्रत्येक बच्चे के पास उत्प्रेरणा, शिक्षा, खेल – कूद मनोरंजन और क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास का अधिकार है, उसी को देखते हुए हरिभूमि ने बच्चों के लिए बाल भूमि परिशिष्ठ प्रकाशित किया जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास हो सकें।

### नित नये आयाम गढ़ते गया



**रमेश अग्रवाल (रिंकू)**
समाजसेवी/भाजपा नेता

हरिभूमि के स्थापना दिवस के समय पर ही प्रदेश का ही गठन हाल ही में हुआ था उस समय से आज तक जैसे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा उसी तरह मेरा प्रिय अखबार हरिभूमि नित नये आयाम गढ़ते




प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसींवां, मो. 9165774445

## खबर संक्षेप

### घासीदास जयंती पर ग्राम निनवा में आज से कार्यक्रम

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम निनवा में 20, 21 व 22 दिसम्बर को संत गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती मनाई जाएगी। 20 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे अखाड़ा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 21 दिसम्बर को सत के दियना पंथी पार्टी खैरघट, राजू संगी चंगोराभाठा रायपुर मंगल भजन, सत्य अमृतवाणी भजन पार्टी गोगांव रायपुर, सतनाम चौका पार्टी नरेश कुर्रे ग्राम निनवा कुकेरा व 22 दिसम्बर को ज्ञान जागृति बालक एवं बालिका पंथी पार्टी मुड़पार का कार्यक्रम रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी अमर चंद कुर्रे ने दी।

### प्रोजेक्ट आंगन के तहत आंबा में रोचक कार्यक्रम

**कूंरा।** गुरुवार को महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रोजेक्ट ''आंगन'' के तहत परियोजना धरसीवा 2 के सेक्टर धरसीवां के आंगनबाड़ी केंद्र धरसीवां 3 में परियोजना अधिकारी श्रीमती अलका सक्सेना एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती बबली दुबे के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनीषा शुक्ला के द्वारा बच्चों एवं पालकों को एक साथ बैठा कर अनेक प्रकार की गतिविधियां कराई गई जिसमें 3 से 6 वर्ष के बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों द्वारा रुचि पूर्ण तरीके से भाग लिया गया । साथ ही इसमें ग्राम के जन प्रतिनिधि मितानिन गर्भवती , शिशुवती महिलाएं एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं भी शामिल हुई ।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की विक्की को मिली जिम्मेदारी

**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने आरंग विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता अविनाश विक्की साहू को प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। यह नियुक्ति उनके संगठनात्मक अनुभव एवं सामाजिक कार्यों को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस मनोनयन से आरंग विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया है। नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। सभी ने साहू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

### रायखेड़ा प्लांट मजदूरों की हड़ताल जारी, निकाली रैली

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा रायखेड़ा के अदानी पावर कंपनी में कार्यरत मजदूरों के द्वारा अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल गुरुवार 11 वें दिन भी जारी रही। धरना स्थल पर गुरु घासी दास बाबा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई. मजदूरों ने प्लांट प्रबंधन को सद्बुधी देने बाबा से कामना की ,बाद में शांति पूर्वक महारैली नीकालकर विरोध प्रकट किया रैली में मजदूरों परिवार के साथ जिला पंचायत ,जनपद सदस्य ,सरपंच ,पंच भी हुए शामिल हुए। गौरतलब है की श्रम न्यायालय रायपुर ने अदाणी पावर लिमिटेड से जुड़े औद्योगिक विवाद मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए न्यायालय ने श्रमिक संघ द्वारा 08 दिसम्बर से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को छह माह तक या अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया है ।

# साहू संघ की बैठक में कुरीतियों के खिलाफ प्रस्ताव पारित, समवेत प्रयास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

झेरिया साहू संघ रीवाँ परिक्षेत्र की कार्यकारिणी बैठक साहू कर्मा भवन रीवाँ में सम्पन्न हुई। समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा संत माता कर्मा की विधिवत पूजा पश्चात उद्बोधन में परिक्षेत्र के अध्यक्ष थानसिंह साहू ने कहा कि समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियाँ एवं बुराइयाँ पनप रही हैं, जिन्हें संगठन के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही आज के परिवेश में समाज के युवक-युवतियाँ जो अपने मार्ग से भटक चुके हैं, उन्हें अच्छे संस्कार एवं शिक्षा के माध्यम से मार्गदर्शन कर सही दिशा-निर्देश दिया जा सकता है। महिला उपाध्यक्ष मनीषा साहू ने संघ की महिलाओं से आग्रह किया कि नारी जागरण के लिए सभी गाँवों से महिलाओं का संगठन मजबूत हो, ताकि किसी नारी का अपमान न हो और उनका सादर सम्मान हो। वहीं युवा प्रकोष्ठ के तिलक साहू ने परिक्षेत्र के सभी गाँवों में युवा 'जय माँ कर्मा' संगठन के गठन पर जोर दिया, जिससे समस्त युवा साथी अपने समाज की मर्यादा से अवगत हो सकें। संघ के उपाध्यक्ष नंद साहू ने समाज के लिए सरल, सहज नियम, अनुशासन एवं प्रतिबद्धता की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया। सचिव अशोक साहू ने बेटा-बेटी को पढ़ा-लिखाकर गुणवान एवं संस्कारवान बनाने की दिशा प्रशस्त करने का आह्वान किया। साथ ही परिक्षेत्र के 28 गाँवों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को समाज द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किए जाने की जानकारी दी।

**पदाधिकारी एवं 28 गाँवों के ग्रामीण बैठक में उपस्थित थे**



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर तहसील साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष हीरामन साहू, परिक्षेत्र के अध्यक्ष थानसिंह साहू, उपाध्यक्ष नंद साहू, महिला उपाध्यक्ष मनीषा साहू, संगठन सचिव लक्ष्मीकांत साहू, महिला संगठन सचिव मंजू साहू, सचिव अशोक साहू, अंकेक्षक महेश साहू, कोषाध्यक्ष शिरीश साहू, परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरी साहू, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष चुम्पेश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिता साहू, जनपद सदस्य कृष्णा साहू, सह-सचिव चंद्रशेखर साहू, मानस प्रवक्ता हीरालाल साहू तथा परिक्षेत्र के सभी मनोनीत पदाधिकारी एवं 28 गाँवों के ग्रामीण पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## जयंती : विधायक अनुज शर्मा दर्जनभर गांवों के कार्यक्रमों में हुए शामिल

# घासीदास जयंती समारोह में मनमोहक पंथी नृत्य व गुरुवाणी का किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- धनसुली, बरौंडा, सिलयारी, मौहागांव, सिलतरा, सोण्ड्रा, निमोरा, गुमा, पिरदा और खरोरा व कूंरा में निकाली शोभायात्रा
- मनखे-मनखे एक समान बाबा का संदेश आज भी प्रासंगिक





बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने ग्राम धनसुली, बरौंडा, सिलयारी, मौहागांव, सिलतरा, सोण्ड्रा, निमोरा, गुमा, पिरदा और नगर पंचायत खरोरा व कुंरा में आयोजित शोभायात्रा, पूजा-अर्चना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान विधायक ने गुरु गद्दी की विधि-विधान से पूजा कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए अनुज शर्मा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का जीवन इस बात का जीवंत प्रमाण है कि शांति, सत्य और साहस के बल पर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। **सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे बाबा:** विधायक अनुज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, आज का दिन केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि संकल्प लेने का दिन है। बाबा जी ने सदियों पहले ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जो अलख जगाई थी, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।/" उन्होंने बाबा के अमर संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' का उल्लेख करते हुए कहा कि गिरौदपुरी की तपोभूमि से उपजा यह मंत्र मानवता की असली परिभाषा है। बाबा जी ने छत्तीसगढ़ की पावन धरा गिरौदपुरी से 'मनखे-मनखे एक समान' का जो शंखनाद किया था, वह आज भी एक सभ्य और समरस समाज के निर्माण के लिए सबसे बड़ा आधार स्तंभ है। उन्होंने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, छुआछूत और कुरीतियों के अंधकार को अपने आध्यात्मिक ज्ञान से दूर किया और हमें सिखाया कि वास्तविक धर्म सादगी, शुद्ध आचरण और जीव मात्र के प्रति प्रेम में निहित है।

**बाबा के बताए मार्ग पर चलने से सदभावना का होगा विकास**

अनुज शर्मा ने शासन की योजनाओं और बाबा के विचारों के सामंजस्य पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार बाबा के सिद्धांतों पर चलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। /"सबका साथ, सबका विकास/" का संकल्प वास्तव में बाबा के /"समानता/" के संदेश का ही विस्तार है। उन्होंने कहा कि गिरौदपुरी धाम केवल एक तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि बाबा के विचारों की जीवंत पाठशाला है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम**

समारोह के दौरान विभिन्न ग्रामों में पंथी नर्तक दलों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विधायक ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और क्षेत्रवासियों को जयंती की बधाई दी। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# छह अभ्यर्थियों का आरक्षक पद पर चयन से क्षेत्र में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरक्षक भर्ती 2025 में नगर सहित अंचल के ग्रामों से संतोष पैकरा, दीपक साहू, हरिशंकर साहू, भूपेश बांधे, यामिनी साहू और टिकेश्वरी साहू का आरक्षक पद पर चयन हुआ है। जिस पर नगर की समाजसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने हर्ष जताया है। गुरुवार को फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर और संयोजक महेंद्र कुमार पटेल ने सृजन कोचिंग संस्थान पहुँचकर सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह संस्था अपने नाम के अनुरूप अब तक 100 से अधिक छात्र-छात्राओं का भविष्य सृजन कर चुकी है और आज भी सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहाँ से कोचिंग लेकर अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से यह संस्था नगर सहित अंचल के शैक्षिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। वहीं सभी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता तथा सृजन कोचिंग संस्थान एवं सृजन फिजिकल एकेडमी को दिया। इस मौके पर संस्थान के प्रमुख छत्रधारी सोनकर ने इस सफलता का श्रेय पूरे स्टाफ, शिक्षकों और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दिया।

उन्होंने कहा कि आरंग को शैक्षिक हब के रूप में विकसित करने का हमारा प्रयास निरंतर जारी है, ताकि छात्र-छात्राओं को रोजगार-उन्मुख शिक्षा मिलती रहे। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक कल्याणी देवांगन, तेजेश्वरी बघेल, शंभु बंछोर, शेख साबिर, खिलेश चंद्राकर, मनोज, रवि चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, जय प्रकाश पटेल, रूपा देवांगन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मां कौशल्या मानस संघ भवन के लिए भूमिपूजन

**अभनपुर।** ग्राम निमोरा में मां कौशिल्या जिला मानस संघ रायपुर के प्रस्तावित भवन का भूमिपूजन किया गया। जिला मानस संघ के प्रचार मंत्री फतीश साहू ने बताया कि मां कौशिल्या जिला मानस संघ, रायपुर जिले में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। वर्तमान में संघ के अंतर्गत 10 मानस शक्ति केंद्र तथा 1100 से अधिक मानस मंडलियां पंजीकृत हैं, जो रामचरितमानस के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला मानस संघ के अध्यक्ष नारायण साहू, सचिव पोयम शरण साहू, तुता सरपंच भरत बैस, निमोरा सरपंच अरुण कुमार साहू, संदीप बैस, झड़ी राम पटेल, पंडित हरि प्रसाद तिवारी, उपसरपंच गया राम पटेल, पीलू राम साहू, शत्रोहन सिन्हा, रेखराम साहू, मेसुल साहू, यशवंत साहू, रोहित साहू, बंधु राम साहू, मनराखन पटेल, विजय साहू, बिष्णु साहू, बिसहत राम साहू, दिलीप ठाकुर, रामचंद्र ध्रुव, रामेश्वर साहू, रमाकांत, किशोर कश्यप, हिनछा राम, देवदास राम, रामाधार यादव सहित जनप्रतिनिधियों के साथ जिला मानस संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मानस प्रेमी उपस्थित रहे।



# नए थानेदार से व्यापारी संघ ने की मुलाकात



**आरंग।** आरंग के नवपदस्थ थाना प्रभारी हरीश कुमार साहू से व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान नगर की व्यावसायिक एवं सामाजिक स्थिति को लेकर सकारात्मक चर्चा की गई। बैठक में व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने नगर में यातायात व्यवस्था सुधारने तथा रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने की आवश्यकता पर विशेष रूप से जोर दिया। इस पर थाना प्रभारी श्री साहू ने तत्काल गश्ती दल को सायरन के साथ कॉलोनियों एवं नगर क्षेत्र में भ्रमण करने के निर्देश दिए तथा व्यापारियों के साथ परस्पर सहयोग से कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव दिलीप चंद्राकर, संरक्षक दीपक सोनी, सह-सचिव रमेश आहूजा, मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता, आर्यन गुप्ता, सदस्य संतोष साहू, शैलेंद्र चंद्राकर एवं बाके अग्रवाल की उपस्थिति रही।

# भाजपा मोर्चा के चंद्र कुमार बने प्रदेश मंत्री

**तिल्दा नेवरा।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता चंद्र कुमार पाटिल को अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश मंत्री नए जाने पर शहर के भाजपा के कार्यकर्ता उत्साहित है ।

तिल्दा निवासी चंद्र कुमार पाटिल इसके पहले अनुसूचित जाति मोर्चा के रायपुर जिला अध्यक्ष पद पर रहे हैं। अध्यक्ष बनने के पहले वे 10 साल तक महामंत्री के पद पर आसीन रहे हैं। पाटिल के पार्टी के प्रति वफादारी को देखते हुए उन्हें प्रदेश मैं दायित्व सोपा गया है। वे तिल्दा शहर भाजपा के उपाध्यक्ष रहेपाटिल दो बार पार्षद का चुनाव भी जीते हैं। चंद्र कुमार पाटिल के मंत्री बनने पर भाजपा के जिला मंत्री विकास कोटवानी, भाजपा नेता लक्ष्मी चंद नागवानी, मायशा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, भाजपा के शहर उपाध्यक्ष सौरभ जैन, आदि ने पाटिल के प्रदेश मंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# नवीन पाठ्यपुस्तकों के आमुखीकरण प्रशिक्षण में 200 शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



जिला रायपुर विकासखंड आरंग के अंतर्गत आरंग जोन, समोदा जोन, चंदखुरी जोन में शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं नवीन पाठ्यचर्या ढांचे (एनसीएफ) के अनुरूप तैयार की गई नवीन पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शिक्षक आमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह 5 दिवसीय प्रशिक्षण 12 से 17 दिसंबर तक चला एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र चंद्रसेन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन पाठ्यपुस्तकों की संरचना, शिक्षण-अधिगम उद्देश्यों, दक्षता-आधारित शिक्षण, गतिविधि-आधारित पद्धतियों, मूल्यांकन प्रक्रियाओं तथा कक्षा-कक्ष में उनके व्यवहारिक उपयोग से परिचित कराना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा पाठ्यपुस्तकों के अध्यायवार प्रस्तुतीकरण, शिक्षण रणनीतियाँ, टीएलएम के उपयोग, ब्लेंडिंग, मैनिपुलेटिव्स, तथा सीखने के परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर के लगभग 200 शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। समूह कार्य, चर्चा, प्रदर्शन पाठ (डेमो लेसन) एवं प्रश्नोत्तर सत्रों के माध्यम से शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बीईओ शर्मा ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशिक्षण जब शिक्षकों के माध्यम से विद्यालय पहुंचेगा तो शिक्षण पद्धति प्रभावी, रोचक एवं नवाचार से भरी होगी, बीआरसीसी चंद्रसेन ने कहा कि नवीन पाठ्यपुस्तकें बच्चों में समझ, रचनात्मकता और आलोचनात्मक चिंतन को विकसित करने में सहायक होंगी। शिक्षकों से अपेक्षा की गई कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को कक्षा शिक्षण में प्रभावी रूप से लागू करें। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों से फीडबैक प्राप्त किया गया तथा सभी का आभार व्यक्त किया गया। प्रशिक्षण को सम्पन्न कराने में संकुल समन्वयक प्रहलाद शर्मा, मनोज मुछावर, शेख मोहम्मद, नरेंद्र ठाकुर, अनिल चतुर्वेदी एवं प्रशिक्षक विजय कुमार देवांगन, लोकनाथ साहू, राजमोहन श्रीवास्तव, होरीलाल पटेल, दीपक दुबे, विश्राम बंजारे, कुलेश्वर साहू, अमित अग्रवाल, गिरिजा शंकर अग्रवाल, सुमन चतुर्वेदी, डोमन ध्रुव, सावन बंजारे, अजीम फाउंडेशन से जय वर्मा, अर्जुन सर, डोमन डहरिया, लकेश्वर ध्रुव आदि की सहभागिता रही।

## पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, निशानदेही पर चाकू बरामद

# बीड़ी देने से इनकार करने पर युवक की हत्या, आरोप में दो नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- सीसीटीवी कैमरा खंगाला पर मिला सुराग और आरोपियों को हिरासत में लिया



तिल्दा पुलिस ने वार्ड 15 में बुधवार गुरुवार की मध्य रात्रि हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। युवक की हत्या दो नाबालिकों ने की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू को जप्त कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने मृतक से बीड़ी मांगी थी जब उन्होंने बीड़ी देने से इनकार किया तो दोनों ने मिलकरपहले धक्का देकर गिरा या फिर उस पर पास रखें चाकू से हमला कर दिया। उसके बाद दोनों वहां से भाग कर अपने घर में चले गए । गुरुवार की सुबह वॉक करने के लिए निकले लोगों ने वार्ड 15 में स्थित आंगनबाड़ी के सामने सड़क पर रखे रेत के ढेर एक युवक की लाश पड़ी देखी तो तत्काल सूचना तिल्दा पुलिस को दी गई । सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव के बारे में पता साजी की तो मृतक की पहचान ललित यादव के रूप में की गई। जिस जगह पर ललित की लाश मिली थी वहां से 50 मीटर दूर एक कच्चे किराए के मकान था जहा वह बच्चो के साथ में रहता था। ललित की पत्नी की मौत पहले हो चुकी है, उनके तीन बच्चे भी है। मृतक शादी पार्टियों में खाना बनाने का ठेका लेता था। बुधवार रात को वह खाना खाने के बाद बच्चो से जल्द लौटने की बात कहकर घर से निकला था। घर से निकलने के बाद वह वार्ड 15 गया था. तभी उसकी मुलाकात वार्ड में रहने वाले दो नाबालिगों से हुई जो की एक होटल में काम करते हैं। दोनों नाबालिग नशे की हालत में थे। ललित भी शराब पिया हुआ था। नाबालिगों ने जब ललित से बीड़ी मांगी तो उसने बीड़ी देने से इनकार कर दिया । इससे तीनों के बीच बहस हो गई। इसी दौरान एक नाबालिक ने पास रखे चाकू से उसके पेट में जोरदार वार कर दिया ,जिससे वह रेत के देर में गिर गया। अत्यधिक खून बह जाने और रात भर ठंड में रेत पर पड़े रहने कारण उसकी मौत हो गई। और सुबह जब उसकी लाश देखी गई तो पूरे वार्ड में दहशत फैल गई। डीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि दोनोंआरोपी नाबालिग है इसीलिए उनके नाम गुप्त रखे गए हैं। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि हत्या के बाद दोनों आरोपी अपने घर चले गए थे। यदि रात को ही चाकू मारे जाने की खबर पुलिस को मिलती तो ललित की जान बच सकती थी।

**पूछताछ में अपराध किया कबूल**

देखते ही देखते वहां भीड़ लग गई और कुछ हि देर में वहां पुलिस भी पहुंच गई। सबसे पहले पुलिस ने लाश का पंचनामा किया उसकी पहचान कराई उसके बाद फोरेंसिक विभाग की टीम को जानकारी दी गई। पुलिस ने आसपास के घरों में सी सी टी वी कैमरो को खगाला तो दो लोग आते जाते दिखे। बाद में दोनों नाबालिकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तो दोनों ने अपराध करना स्वीकार करते हुए छुपा कर रखे चाकू को बरामद करवाया। मृतक ललित यादव के तीन छोटे बच्चे हैं। जब उनकी बेटी को जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचकर पीता की लाश से लिपट कर रोने लगी। पुलिस ने किसी तरह से उसको शांत कराया और भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे। जानकारी मिलने के बाद डीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि दोनों आरोपी छोटी उम्र से नशे के आदी हैं इसके पहले भी वह कुछ लोगों से मारपीट कर चुके हैं। मोहल्ले वासियों ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री खुले आम की जाती है जहां 24 घंटे शराब मिलती है। देर रात तक आसानी से शराब मिलने के कारण छोटे बच्चे भी शराब के आदी हो गए हैं। ललित की हत्या के बाद अब उनके घर में कमाने खाने वाला कोई नहीं है।

# डहरिया को जन्मदिन पर युवकों ने किया रक्तदान



**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के जन्मदिन के अवसर पर रायपुर स्थित उनके निज निवास में दिन भर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, शुभचिंतक एवं आमजन लगातार पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते रहे। इस अवसर पर डॉ. डहरिया को पुष्पगुच्छ, स्मृति-चिन्ह भेंट किए गए तथा दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। आगंतुकों ने उनके सरल स्वभाव, जनसेवा एवं जनहितकारी कार्यों की सराहना की। जन्मदिन के अवसर पर "लाइफ केयर ब्लड सेंटर" एवं "शिवनाथ ब्लड सेंटर" के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। डॉ. डहरिया ने रक्तदाताओं एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान का सबसे बड़ा उपहार है। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, आत्मीयता एवं जनसमर्थन का वातावरण बना रहा, जो डॉ. डहरिया जी के प्रति जनविश्वास और लोकप्रियता को दर्शाता है।


हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
श्री नवीन अग्रवाल
अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर
श्री संदीप यदु
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर
सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण
के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
श्रीमती सरोज चन्द्रवंशी
सभापति
स्वास्थय एवं स्वच्छता जिला पंचायत रायपुर (छ.ग.)


हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता
के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
दिनेश अग्रवाल
भाजपा नेता
प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 9165774445